वितरणव्यवस्था समाजवादस्य मुख्याङ्गभूता वर्तते । समाजवादे सर्वेषां जनानां कृते समानी सम्पन्नता स्यात् । अन्यथा अभावग्रस्तेषु जनेषु विपरीता प्रतिक्रिया सम्भवति । अस्य भयङ्करपरिणामरूपेण समाजे प्रतिदिनं लुण्ठनहिंसा-हत्यादिकुत्सितक्रियाः पदे-पदे श्रूयन्ते दृश्यन्ते च । अतः वेदः समाजे व्याप्तमार्थिकीमव्यवस्थां परस्परमादानप्रदानाभ्यां दूरीकर्तुं निर्दिशति —

देहि मे ददामि ते, नि मे धेहि नि ते दधे'।[16]
केवलाघो भवति केवलादी' ।[17]
अदित्सन्तं चिदाघृणे पूषन् दानाय चोदय ।
पणेश्चिद् वि म्रदा मनः ।।[18]

अद्य समाजे जातिकुलविपदवर्गभेदकृतं वैषम्याश्रित्य व्यापकोऽसन्तोषः सर्वत्र लक्ष्यते । हिंसाताण्डवञ्च यत्र-तत्र दृश्यते श्रूयते च । मानवसमाजे शरीरभिन्नता कुतः । वयं सर्वे परमेश्वरस्य एव प्रजाः स्मः । परमपुरुषः परमेश्वर एवात्माहुतिप्रदानेन विश्वस्यास्य जनयिता बभूवेति पुरुषसूक्ताज्ज्ञायते एव —

तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः ।
तेन देवा अजयन्त साध्या ऋषयश्च ये ।।[19]

अस्मिन्नेव सूक्ते चातुर्वर्ण्यस्य सृष्टिः विराट्पुरुषाद्वर्णिता ।

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः ।
ऊरु तदस्य यद्वैश्यः मद्भ्यां शूद्रो अजायत ।।[20]

वयं सर्वे एकस्येव परमात्मनः पुत्राः पुत्र्यश्चेति तथ्यं वैदिकसाहित्येऽन्यत्रापि प्राप्यते — **'स नो बन्धुर्जनिता स विधाता'**[21] अस्माकं माताऽपि एकैव **'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्या'**'[22] सैव विविध धर्मानुयायिनो विविधभाषाभषिणः अस्मान् विभर्ति — **'जनं विभ्रती बहुधा विवाचसं नानाधर्माणं पृथिवी यथौकसम्'**[23]

अतः किं कारणं भेदप्रथनम् ? यदा समाजे वैदिकी-यमभेददृष्टिः प्रवर्तते, तदा जगदिदं स्वर्ग इव चकास्ति। न तत्र मोहशोकादेरवसरः, न च तदा विजुगुप्सा विचिकित्सा वा बाधते । एकत्वबुद्धौ न दुःखाग्निलेशोऽपि, क्लेशलवोऽपि च ।

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानुपश्यति ।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विचिकित्सति ।।
यस्मिन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद् विजानतः ।
तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ।।[24]

समाजे संघटनं मिथो ज्येष्ठकनिष्ठभावनात्यागेनैव सम्भवतीति वैदिकं महत्त्वपूर्णं चिन्तनम्, **'अज्येष्ठासो अकनिष्ठास एते सभ्रातरो वावृधुः सौभगाय'** ।[25] अत्रेदं स्मरणीयं यद् वेदोक्त - ज्येष्ठकनिष्ठभेदत्यागस्य नायमभिप्रायो यत् समाजे गुणविद्यापदादिकृता वरावरत्वभावनोपेक्षणीया । लोकेऽपि शिक्षासेवादिविभागेषु पदेनावरा वरीयस आद्रियमाणा परस्परं नियोगमनुतिष्ठन्तीति पश्यामो वयम् ।

भारतीयसंस्कृतौ मन्यते जगदिदं कर्मक्षेत्रम् । अत एव कर्मप्रमादः सामाजिकसंघटने प्रबलो बाधकः । अनेन समाजः राष्ट्रं च पतनोन्मुखं भवतः । स्वकर्तव्यभावनया कर्मणोऽनुष्ठानं जीवने परमावश्यकम् । अतः वैदिकर्षिः प्रेरयति जनान् स्वस्वकर्तव्यनिर्वाहाय —

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः ।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे ।।[26]

पुरुषसूक्ते गुणकर्मविभागशः एव परस्परमभिन्ना अपि ब्राह्मणादयश्चत्वारो वर्णाः विभक्ताः । चतुर्धा विभक्तेऽपि समाजे परस्परसहयोगदृशा सामञ्जस्यमिष्टं वेदे —

यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यञ्चौ चरतः सह ।
तल्लोकं पुण्यं प्रज्ञेयं यत्र देवः सहाग्निना ।।[27]

वस्तुतः बुद्धिबलस्य शरीरबलस्य च सामञ्जस्यं समाजहिताय, राष्ट्रहिताय नितरामपेक्ष्यते । वेदोक्तानां मन्त्राणां पाठमात्रेण गानमात्रेण वा राष्ट्ररक्षा न सम्भविष्यति । अस्माकं जागरणाय प्रदत्तो वैदिकः संदेशः अतीव हितकरः । राष्ट्रस्य सर्वतोऽभ्युदयं कामयमाना न कस्यापि वैमत्यावहा वैदिकी प्रार्थना, अद्यापि सर्वथा प्रासाङ्गिकी । अत्र स्मरणीयमिदं यत् समाजे संघटनायामनुशासनस्यास्ति परमावश्यकता । नेतारः स्वयमनुशासनबद्धाः स्युः । ते उत्कोचादिग्रहणेन कोटिशो वित्तमर्जयितुं तत्पराः न स्युः । भिन्नरुचयोऽपि लोकाः अनुशासनसूत्रे ऐक्यबद्धाः स्युः । नेतुः शासनपालनं तेषामनिवार्यं कर्तव्यं स्यात् । हिंसावृत्तिकलुषितमानसानां विनाशकानां रक्षसाम् औदार्यविधुराणां परपीडनपराणाम–रातीनाञ्च बाधने, पराभवे, विनाशे वाञ्छा वर्तते वैदिकर्षेः **'इदमहं रक्षसां ग्रीवा अपि कृन्तामि'** ।[28] समाजे स्तेनैसतस्करैः पापकर्मभिश्च जनैः नैव भाव्यम् । **'ये स्तेना ये च तस्करास्ताँस्त अग्ने5पि दधाम्यास्ये'**[29] । विनाशकानां विनाशे नास्ति कोऽपि दोषः — **'धूरसि धूर्व धूर्वन्तं धूर्वतं योऽस्मान्धूर्वति तं धूर्वयं वयं धूर्वामः'** ।[30]

समाजे संघटनमभिलषता जनेन सेवनीयः इन्द्रियसंयमः दमनीया स्वार्थलिप्सा, परित्याज्या विघटनकारिणी प्रवृतिः ।

इत्थं सर्वतो भद्रकाङ्क्षणी वर्तते वैदिकी सामाजिकसंघटनचेतना । उपरि सर्वे निर्दिष्टाः वैदिकमन्त्राः

विश्वजनीनं सत्यं ख्यापयन्तः समाजसंघटनदृशाऽसाधारणं वैशिष्ट्यं भजन्ते । आवश्यकताऽस्ति यथायथमाचारे तेषां विनियोगस्य जनसामान्ये च तेषां समुचितप्रचारस्य ।

सन्दर्भः

1. अथर्ववेदः-3/30/2
2. अथर्ववेद :- 3/30/3
3. ऋग्वेदः 10/111/2-4
4. यजुर्वेदः — 1/5
5. अथर्ववेदः 12/1/57
6. मनुस्मृति — 5/109
7. यजुर्वेदः 6/15
8. यजुर्वेदः 40/16
9. यजुर्वेदः 9/4
10. ऋग्वेदः — 4/1/4
11. ऋग्वेदः 2/29/2
12. अथर्ववेद — 12/2/33
13. यजुर्वेदः 16/
14. यजुर्वेदः — 40/1
15. ऋग्वेदः 10/117/5
16. यजुर्वेदः — 3/50
17. ऋग्वेदः 10/117/6
18. ऋग्वेदः 6/53/3
19. ऋग्वेदः 10/90/7
20. ऋग्वेदः 10/90/12
21. यजुर्वेदः — 32/10
22. अथर्ववेदः 12/1/12
23. अथर्ववेदः — 12/1/45
24. यजुर्वेदः 40/6-7
25. ऋग्वेदः 5/60/5
26. यजुर्वेदः — 40/2
27. यजुर्वेदः — 20/25
28. यजुर्वेदः 6/1
29. यजुर्वेदः 11/77
30. यजुर्वेदः 1/8

Hindi Section

संस्कृत साहित्य में गीतिकाव्य

डॉ. रश्मि मिश्र
एसोसिएट प्रोफेसर, साहित्य विभाग
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय
संस्कृतविद्यापीठ,
नई दिल्ली – 16

यदि संसार का सर्वाधिक आनन्द प्राप्त करना है तो उसे कवि की आँखों से देखो, समझो और अपनाओ ।" रवीन्द्रनाथ ठाकुर की इस उक्ति से स्पष्ट प्रतीत होता है कि कवि की आँख असाधारण प्रतिभा से सम्पन्न होती है । साधारण मानव संसार के भौतिक पक्ष को ग्रहण करता है, परन्तु कवि संसार के रसात्मक पक्ष को देखता है जिससे वह भौतिक संसार से ऊपर उठकर रस रूपी आनन्द को प्राप्त करता है । यही कारण है कि कवि अपनी वैदग्ध प्रतिभा से वर्ण्य विषय को इस प्रकार से प्रस्फुटित करता है कि वह आह्लाद से युक्त अलौकिक चमत्कार को देता हुआ आनन्द की अनुभूति करवाता है ।

जिस प्रकार काव्य का आरम्भ आदि काल से (वैदिक काल) है, उसी प्रकार संगीत कला भी आदि काल से समाज में अपना स्थान बनाये हुए है । संगीत को कला न मानकर उसका जीवन से संबंध स्थापित किया है, क्योंकि प्राचीन काल से ही मनुष्य के जीवन में संगीत का किसी न किसी रूप में स्थान रहा है । प्रत्येक कला का लक्ष्य भौतिक संसार से ऊपर उठकर अलौकिकता को प्राप्त करता है और यदि मनुष्य संगीत की मधुर लहरियों को अपने आप में आत्मसात् कर ले, तो वह आत्मिक सुख प्राप्त कर सकता है । सरस ब्रह्म की रसवत्ता ही संगीत है — 'रसो वै सः' ।[1] संगीत एक ऐसा माध्यम है जिससे मनुष्य अपने सुख दुःख के भावों को प्रकट करता है, जिससे उसे मानसिक शान्ति तो मिलती है साथ ही मनोरञ्जन भी होता है । हरिवंशपुराण में लिखा है कि —

नृत्य संगीत और वादित्र के द्वारा मनुष्य अपना मनोरञ्जन करके स्फुर्ति का अनुभव करता है ।[2]

उपनिषद् में मृत्यु के उपरान्त जिन स्वर्ग और सुखों का वर्णन किया है, सगीतज्ञ इसी लोक में, इसी जीवन में और इसी शरीर के माधयम से उसे सिद्ध कर लेते हैं और आनन्द की अनुभूति करते हैं ।

काव्य का संयोग यदि संगीत के साथ हो तो निश्चय ही ऐसी रमणीय अभिव्यक्ति होगी जिसका स्थानि तो सर्वोत्तम ही होगा । रागरागिनी का आविष्कार, समय के साथ उसका संबंध और हृदय पर उसका प्रभाव डालने की शक्ति — इन सब का अनुभव वह भी कर सकता है जिसको संगीत शास्त्र का कोई ज्ञान नहीं है क्योंकि कवि जिस भाव या रस का संचार करना चाहता है वह अपनी प्रतिभा से ही सुनने वाले के हृदय में रस का संचार कर देता है ।

गीति की आत्मा भावातिरेक होती है । कवि अपनी रागात्मक अनुभूति और कल्पना से वर्ण्य विषय को भावात्मक बना देता है । जब कवि अपने हृदय में सुख और दुःख का तीव्र रूप से अनुभव करता है तब वह अपनी रागात्मक अनुभूति को हार्दिक भावाना के साथ अभिव्यक्त करता है और यही भाव अपनी अनुभूति से दूसरों की अनुभूति में परिवर्तित करने के लिए जिन मधुर भावों से युक्त उक्तियों को लिखता है वही गीति काव्य होता है । वैसे संस्कृत के अलंकारशास्त्रियों के मतानुसार काव्य के लिए रसात्मकता ही मुख्य गुण है किन्तु गीति काव्य में भावों की प्रधानता ही महत्त्वपूर्ण है । भावात्मकता के बिना कोइ भी उक्ति गीतिकाव्य रूप लेने में असमर्थ है । प्रायः गीतिकाव्य में विषय का आधार तो नाम मात्र का ही होता है । कवि उसमें अपने हृदय में स्थित आत्मसात किए हुए विषय को इतनी सुन्दरता से, इतने मोहक शब्दों में व्यक्त करता है कि वह उसकी अपनी चीज होती है । गीतिकाव्य में वर्ण्य विषय को प्रतिपादित करना उसका ध्येय नहीं होता, कभी–कभी उसे भावना का आवेश इतना क्षणिक होता कि कवि एक ही पद्य में उसकी पूर्ण अभिव्यक्ति कर देता है । भावों में भी किसी एक भाव को केन्द्रित करना आवश्यक है । केन्द्रस्थत भाव को अन्य भावों के साथ मिलाकर काव्य को समृद्ध और परिपुष्ट किया जाता है ।

गीति का अर्थ सामान्यतः गाना समझ लिया जाता है जिसमें साज, श्रृंगार, गायन, वादन की प्रधानता होती है । परन्तु यहाँ गीति से तात्पर्य है हृदय की रागात्मक

भावना को छन्दबद्ध रूप में प्रकट करना । गीतिकाव्य में रागात्मकता या ध्वन्यात्मकता उसी प्रकार आवश्यक है जिस प्रकार धूम में अग्नि का होना । इसमें गेयात्मकता तो होनी चाहिये किन्तु ऐसी पद्य रचना जो कवि की आत्मानुभूति पर आधारित है । डा. ओझा के अनुसार गीतिकाव्य में —

- जिस छन्दबद्ध रचना में भावातिरेक की धारा इस रूप में प्रवाहित हो कि उसमें स्वरलहरियाँ स्वभावतः तरंगित हो ।

- जिसमें कवि या पात्र की रागात्मकता उसके व्यक्तित्व के साथ मितल कर आत्मनिवेदन के रूप में प्रकट हो ।

- जिसका आयतन इतना ही बड़ा हो कि जिसमें कवि की रागात्मकता का प्रवाह शिथिल नहीं पड़ने पाये जिसमें घटना वर्णन को गौण किन्तु भावना को उच्चतम आसन प्राप्त हो ।

- जिस काव्य में एक लय या एक ही भाव के साथ-साथ एक ही निवेदन, एक ही रस, एक ही परिपाटि हो वह गीतिकाव्य है ।[3]

काव्य और संगीत अलग-अलग अभिव्यक्तियाँ हैं । काव्य अपनी अभिव्यंजना के लिए संगीत का सहारा नही चाहता है और न ही संगीत अपने प्रदर्शन के लिए काव्य का सहारा चाहता हे । परन्तु दोनों का एकत्र समन्वय कला की दृष्टि से एक अत्यन्त उत्कृष्ट अभिव्यक्ति का रूप धारण करता है जो गीति का एक मधुर स्वरूप होता है । इन्हीं सब तत्त्वों के सहयोग से ही गीति काव्य एक उत्कृष्ट काव्य रूप है ।

Music when combined a pleasurable idea is poetry, music without idea is simple music, the idea without the music is prose from is very definations.[4]

मानव जीवन के किसी एक पक्ष का उद्घाटन अथवा अन्तरात्मा के किसी एक भाग का चित्रण गीतिकाव्य का प्रतिपाद्य होता है । उसका आकार प्रकार महाकाव्य से छोटा होता है प्रधानतया उसमें एक ही

विषय का वर्णन होता है श्रृंगारिक, धार्मिक अथवा नैतिक । गीति काव्य में लालित्य एवं माधुर्य का विशेष महत्त्व होता है । यही कारण है कि गीतिकाव्य महाकाव्यों की अपेक्षा अधिक लोकप्रिय माने जाते हैं ।

संस्कृत में प्रथम गीतिकाव्य ऋग्वेद में मिलते हैं जहाँ सुख और दुःखों का मार्मिक उद्‌घाटन गीति रूप में हुआ हे । अनेक देवताओं के गुणों का हृदयस्पर्शी चित्रण मंत्रों के द्वारा हुआ है । वैदिक गीतिकाव्य में वसिष्ठ और वामदवे के सूक्त, अक्ष सूक्त, उषा सूक्त आदि भी प्राप्त होते हैं । रामायण और महाभारत में भी अनेक स्थानों पर गीति तत्त्व है । जैसे — पति वियुक्त सीता के प्रति भेजा गया राम का संदेशवाहक हनुमान । दुर्योधन के प्रति धर्मराज युधिष्ठिर द्वारा भेजे गये श्रीकृष्ण तथा दमयनती के पास भेजा गया नल के द्वारा संदेशवाहक हंस इसी परम्परा के अन्तर्गत दर्शनीय है ।[5] भागवतपुराण एवं विष्णुपुराण भी गीतात्मकता के लिए लोकप्रिय हुए हैं । भागवत के वेणुगीत तो विशेष रूप से लोकप्रिय हैं जिसमें रसविभोर कर देने वाली सुन्दर भावना की छाप संस्कृत के गीति छन्दों पर लक्षित होती है । संस्कृत गीति काव्यों की परम्परा को स्वतन्त्र रूप से प्रारम्भ करने का श्रेय महाकवि कालिदास के आदिम ग्रन्थ मेघदूत को ही जाता है । यह गीतिकाव्य संस्कृत साहित्य में उज्ज्वल रत्नक हा जा सकता है । इसमें कालिदास ने विरही की मनोव्यथा का बहुत मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया है । जिसके प्रत्येक पद्य में प्रेम की विवशता और व्याकुलता दिखाई देती है । (यक्ष विरह में प्रत्येक वस्तु में अपनी पत्नी को देखता है) क्योंकि असंगत ही प्रेम का प्रधान कारण है इसीलिए अलका के भवन में बैठी हुई यक्ष पत्नी, यक्ष को प्रत्येक वस्तु में दिखाई देती है —

प्रासादे सा पथि पथि च सा
पृष्ठतः सा पुरः सा ।
सा सा सा सा जगति सकले
कोऽयमद्वैतवादः ।।[6]

विरह अवस्था में नायक नायिकाएँ अत्यन्त भाव विभोर हा जाते हैं और अपने इसी भावात्मक रूप से अपने हृदय की वेदना को समाज के सामने प्रस्तुत करते हैं । मेघदूत में ही कवि अपने आन्तरिक भावों के द्वारा उसके साथ रहने का प्रयास करता है किन्तु यहाँ अपनी

नायिका को मनाने के लिए उसका चित्र बनाता है । वह अपनी प्रिया का चित्र तो पूरा बना लेता है किन्तु जब उसके चरणों ें अपने आपको गिरते हुए बनाना चाहता है तो उसके आँखों में बार-बार आँसू आ जाते हैं क्योंकि निर्दयी देवता को चित्र के अन्दर भी उन दोनों का मिलन सहन नहीं होता है यही कवि का वैलक्षण है जो भावातिरेक होता हुआ अपने भावों से दूसरे के भावों के अन्दर प्रस्फुटित होता है जो आनन्द की अनुभूति करवाता है तथा संगीत की धारा को चिरस्मरणीय बनाता है ।

त्वामालिख्य प्रणयकुपितां धातुरागैः शिलाया–
मात्मानं ते चरणपतितं यावददिच्छामि कर्तुम् ।।
अस्त्रैस्तावन्मुहुरुपचिते दृष्टिरालुप्यते मे
क्रूरस्तस्मिन्नपि न सहते सङ्गमं नौ कृतान्तः ।।[7]

गीतिकाव्य का ही एक और अनूठा रत्न आचार्य जयदेव का 'गीतगोविन्द' नामक काव्य है । जो श्रीकृष्ण की भिन्न-भिनन क्रीडाओं के ऊपर आधारित है । गीतगोविन्द को कुछ लोग संगीत रूपक की संज्ञा भी देते हैं । कुछ आचार्य इस श्रृंगार महाकाव्य भी कहते हें । इस काव्य की एक विशेषता यह है कि इसमें पद्यों के साथ संगीत ओर नृत्य संबन्धी राग और ताल के नाम भी दिये हैं । इसलिए प्राचीन नृत्य संगीत के ग्रन्थों में भी इसका विशेष स्थान है । इसमें राधा और कृष्ण के प्रणय व्यापार का वर्णन होने इसे भक्ति काव्य भी माना जा सकता है । किन्तु काव्य और संगीत के समन्वय से उत्पन्न यह ग्रन्थ अत्यन्त कलात्मक एवं सौन्दर्य से युक्त होने के कारण गीतिकाव्यों में इसका विशेष स्थान है । इसमें भारतीय सौन्दर्य और माधुर्य की पराकाष्ठरा से संस्कृत से अपरिचित व्यक्ति भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता है । जैसे —

रतिसुखसारे गतमभिसारे मदनमनोहर वेशम्
न कुरु नितम्बिनि गमनविलम्बनमनुसरतं हृदयेशम्।
धीरसमीरे यमुनातीरे वसति वने वनमाली
गोपीपीनपयोधरमर्दन चंचल कर युगशाली ।।[8]

प्रायः लोगों की यह धारणा रहती है कि गीतिकाव्य का उद्भव श्रृंगार रस में ही संभव है । प्रेम से प्रभावित कामिजन के हृदय में जो वृत्तियाँ उत्पन्न होती हैं वही भाव सगीत के माध्यम से उभर कर बाहर आते हैं । नैतिकता से संबंधित काव्य केवल

उपदेशात्मक ही होते हैं और उपदेश अपने हार्दिक भावों को प्रस्फुटित करने में असमर्थ होते हैं । आचार्य भर्तृहरि ने अपने काव्य नीतिशतकम् में मनुष्य के उन उदात्त गुणों को अध्ययन करने के लिए कहा जो उनके मंगल के साधक है । उनकी दृष्टि में वास्तव में वही सज्जन है जो दूसरों के परमाणु के समान छोटे गुणों को, पर्वत के समान बनाकर अपने चित्त में परम संतोष का अनुभव करें ।

परगुण परमाणून् पर्वतीकृत्य नित्यम् ।
निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः ?

इसमें नतिविषयक गुणों का आन्तरिक भावों के साथ उन्मीलन किया है जो अत्यन्त ही हृदयवर्धक तत्त्वों से युक्त है । जैसे —

यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता
साऽप्यन्यमिच्छति जनं स जनोऽन्यसक्तः ।
अस्मत्कृतेषु परितुष्यति काचिदन्या
धिं तां च तं च मदनं च इमां च मां च ।।[9]

प्रेम के इस मोहजाल में फँस कर भी अपने आदर्शों के प्रति भावों को व्यक्त किया है जो अत्यन्त ही भाव-विभोर कर देता है कि धिक्कार है उस कामिनी को, उस पुरुष को, उस कामदेव को, इस स्त्री को और मुझको ।

यही नहीं नीतिशतक में गम्भीर नैतिकता को प्रकट करने वाल सरस पदावली में लिखे गये जैसे अनेक पद्य हैं जो प्रत्येक मनुष्य के द्वारा दोहराये जाते हैं ।

साहित्यसङ्गीतकलाविहीनः साक्षात्पशुपुच्छविषाणहीनः।
तृणं न खादन्नपि जीवमानः तद्भागधेयं परमं पशूनाम्।।[10]

गीतिकाव्य में स्तोत्रकाव्यों की गणना भी की जाती है । ये काव्य धर्मपरक होने से विशेषरूप से समाज में अत्यन्त प्रिय सिद्ध हुए हैं । ये अनुराग और विराग दोनों भावनाओं से ओत-प्रोत होते हैं । इसीलिए आध्यात्मिक दृष्टि से समाज में इनको अधिक पसन्द किया जाता है । ये धार्मिक और दार्शनिक दोनों ही भावनाओं से युक्त होते हैं इसलिए इनकी रचना भी आकर्षक है सरस एवं हृदयस्पर्शी हाती है । प्रत्येक धर्म के भक्त अपने हृदय की बातें भगवान के सामने प्रकट करने के लिए

अपने कोमल और भक्तिमय हृदय को अभिव्यक्त करते हैं। इन्हीं भक्तिमय गुणों के द्वारा स्तोत्र या भक्तियुक्त गीतों की जो उत्पत्ति होती हे वह चित्त को भी पिघला देने वाली शक्ति के समान होती है तथा संगीत का पुट मिल जाने पर इनका प्रभाव और अधिक हो जाता है फिर चाहे वो शिव स्तोत्र हो या वैष्णव स्तोत्र । कवि अपनी भक्ति साधना को अनतः प्रेरणा एवं प्रतिभा से रसभावयुक्त बनाकर, संगीत के माधुर्य से श्रोताओं के हृदय को अपनी ओर आकृष्ट कर लेता है । 'भजगोविन्दम्' 'शिवस्तोत्र' इसको प्रमाणित करता है ।

भज गोविन्दं भज गोविन्दं गोविन्दं भज मूढ्मते ।
प्राप्ते सन्निहिते तवम रणे नहि नहि रक्षति डुकृञ् करणे ।।
बालस्तावत् क्रीडासक्तस्तरुणस्तावत् तरुणीरक्तः ।
वृद्धास्तावत् चिन्तामग्नः पारे ब्रह्मणि कोऽपि न लग्नः ।।[11]

इस प्रकार संस्कृत के उपर्युक्त श्रृंगारिक एवं धार्मिक गीतिकाव्यों के अतिरिक्त अन्य गीतिकाव्यों की परम्परा भी रही है जिमनें प्रमुख हैं— महाकवि कालिदस रचित ग्रन्थ ऋतुसंहार, महाकवि भर्तृहरि के श्रृंगार और वैराग्य शतक, महाकवि घटकर्पर का नीतिसार, कवि मयूर का सूर्यशतक, कवि अमरुक का अमरुकशतक, बिल्हण का चौरपंचाशिका, कवि भल्लट का भल्लटशतक, कवि धोयी का पवनदूत, कवि गोवर्धनाचार्य का आर्यासप्तशती, पं. राजजगन्नाथ का भामिनीविलास, गंगालहरी, सुधालहरी, करुणालहरी, एवं लक्ष्मीलहरी कविरूप गोस्वामी का हंसदूत एवं उद्धव संदेश आदि अनेक उत्कृष्ट गीतिकाव्य रहे हैं ।

संस्कृत के गीतिकाव्य अपने परिमाण से नहीं अपितु अपने गुणों से सम्पन्न होते हैं । गीतिकाव्य गुणों की दृष्टि से अपूर्व एवं हृदयग्राही हे, शैली की दृष्टि से उसमें मजोरमता और ध्वन्यात्मकता है वहीं भावनाओं की दृष्टि से व्यापकता भी है । यह काव्य केवल प्रेम और कामुकता तक ही सीमित नहीं है इसके अन्तर्गत लौकिक धार्मिक एवं उपदेशात्मक काव्य भी सम्मिलित है । भारतीय गीतिकाव्य उतना ही प्राचीन है जितना वेद । क्योंकि वैदिक मंत्रों में सर्वप्रथम रागात्मक का समावेश हुआ है । ऋग्वेद के उषा सूक्त मंत्र गीतात्मक है । सामवेद के मंत्रों में उदात्त, अनुदात्त और स्वरित इन तीन स्वरो में ही गीति के समस्त तत्त्व समाहित है । अतः यह प्रतीत होता है कि प्रथम श.ई. पूर्व से लेकर ई.

19वीं श. के दो हजार वर्ष में विशाल गीति साहित्य का सृजन हुआ है जो उत्कृष्ट, भावपूर्ण और कलात्मक सिद्ध है ।

संदर्भः

1. हरिवंशपुराण 59-20
2. चित्तैश्चित्तहरैर्दिव्यैर्मानुषैश्च समन्ततः ।
   नृत्यसङ्गीतवादित्रैर्भूतलेऽपि प्रभूयते ।।
3. डा. दशरथ ओझाा, हिन्दी नाटक उद्‌भव और विकास, पृ. 381-382
4. संस्कृत के महाकवि और काव्य, डा. रामजी उपाध्याय एवं रामगोपाल मिश्र
5. ब्रजभारती, मथुरा, 2014 वि. वर्ष 15, अंक ।
6. संस्कृत साहित्य का इतिहास, पाण्डेय एवंव्यास कृत
7. मेधदूत 44
8. गीतगोविन्द, जयदेव
9.. नीतिशतक भर्तृहरि
10. नीतिशतकम्, भृर्तहरि
11. शिवमहिम्नस्तोत्र, शंकराचाय

संस्कृत वाङ्मय में दाराशिकोह की कृतियों का मूल्यांकन

डॉ. मोहम्मद शरीफ
एसोसिएट प्रोफेसर
संस्कृत विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

भारतवर्ष के इतिहास में मध्यकाल अपनी संस्कृति, साहित्य, कला के लिये एक अमिट छाप छोड़ चुका है । 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना तत्कालीन भारतीय साहित्य में प्रतिबिम्बित होती है । संस्कृत साहित्य भी उसी संस्कृति का महत्वपूर्ण अंश है ।

दाराशिकोह प्रसिद्ध मुगल सम्राट, शाहजहाँ का पुत्र था । दारा संस्कृत, फारसी का प्रकांड विद्वान था ।[1] भारतीय मध्यकालीन इतिहास उसे विद्वान राजकुमार के नाम से जानता है । वह एक स्वतन्त्र विचारक था । उन्होंने भारतीय समाज के लिये एक ऐसे साहित्य का मंच स्थापित किया जहाँ समस्त धर्म के अनुयायी एक साथ मिलकर रह सके ।

तत्कालीन भारतीय समाज में समसत धर्म में सौहार्द की आवश्यकता थी । समाज में विभिन्न सम्प्रदाय थे, जिनको एक साथ लेकर चलना था । धर्म निरपेक्षता की दृष्टि से समस्त धर्मों का अध्ययन आवश्यक था । अतः दाराशिकोह ने संस्कृत ग्रन्थों का अध्ययन किया । उन्होंने 52 उपनिषदों का संस्कृत से फारसी में अनुवाद किया । दारा के संस्कृत उपनिशदों के फारसी अनुवाद संकलन का नाम **'सिर्रे अकबर'** है । सिर्रे अकबर में उपनिषदों के अनुवाद के माध्यक से एकेश्वरवाद की मीमांसा की । दारा के अनुसार "उनपनिषद्" का फारसी में **'गंजे तौहीद'** अनुवाद किया गया । सिर्रे अकबर में दारा लिखते हैं 'इस फकीर ने इस पुस्तक के मध्यम से अपरिचित पदार्थ को जान लिया । मेरी समस्या का निदान हो गया ।' दारा ने उपनिषद् को एकेश्वरवाद का समुद्र घोषित किया । दारा की रचनाएं दोनों धर्म के तुलनात्मक विचारों पर आधारित हैं । उपनिषदों के अनुवाद में दारा ने दोनों प्रमुख धर्मों में निहित पूर्ण सत्य को एकत्रित करने का प्रयास किया है दारा के अनुसार **'कियामते कुबरा'** संस्कृत शब्द **'महाप्रलय'** का

फारसी अनुवाद है । उपनिषदों के अनुवाद के लिए दारा ने काशी की, यात्रा की वहाँ पंडितों एवं सन्यासी जनों के साथ चर्चा किया । यह प्रसंग सिर्रे अकबर के आरम्भ में उपलब्ध होता है ।

दाराशिकोह की रचनाओं के अध्ययन से ज्ञात होता है कि मध्यकाल में हिन्दुत्व एवं इस्लाम में सामञ्जस्य स्थापित करना आवश्यक हो गया था । तभी तो **'मजमाउल बहिरीन'** दाराशिकोह द्वारा रचित अति उत्तम रचना है । फारसी भाषा में रचित **'मजमाउल बहिरीन'** का अर्थ हिन्दी में 'समुद्र संगम' है । 'मजमाउल बहिरीन' की रचना दारा ने 1656 ई. में की । रचना के आरम्भ में फारसी में **'नामे नदारद'** अर्थात् जिसका कोई नाम नहीं, से ग्रन्थ आरम्भ किया । दारा का कहना था कि दोनों सम्प्रदायों के मतों में केवल भाषा एवं प्रस्तुति का अंतर है इसे वह **'इख्तलाएं लफ्ज़ी'** से उच्चारित करते हैं । इस प्रकार से दारा ने समान विचारों को एकत्र कर दोनों धर्मों को एक-साथ लाने का प्रयास किया ।

दाराशिकोह ने मध्यकालीन सूफी आन्दोलन में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया । दारा के सुफी मत पर लिखें साहित्य फारसी भाषा में हैं ।

दाराशिकोह यद्यपि एक राजकुमार थे तथापि उनकी लेखनी एवं क्रियाकलाप सत्य स्थापित करने में संलग्न रही । दारा के लिखे गये पत्र जो उनहोंने शाह-दिल रुबा नामक सूफ़ी संत को लिखा 'ईश्वर के प्रति दारा ने अपना मत व्यक्त किया कि ईश्वर, को शदस-ए-**कुल** कहा जो संस्कृत के अनुवाद में 'विराट' कहा जा सकता । श्री मद्भगवद्गीता में भी विराट् स्वरूप का उल्लेख प्राप्त होता है— विश्वतोमुखः (आ0 33) ।

दारा ने बचपन से ही ज्ञान प्राप्ति के लिये अध्ययन में रुचि ली । तभी तो कुरआन मजीद, हदीस और फारसी ग्रन्थों का गहन अध्ययन किया था । उनकेर धार्मिक गुरु मुल्ला अब्दुल लतीफ़ सुल्तानपुरी थे । इतिहासकारों के मत में दारा ने दीर्घकाल तक मुल्लाह के संरक्षण में दीनयात की शिक्षा ग्रहण की । इसके अतिरिक्त दारा ने भारतीय धर्मसंस्कृति को जानने के लिये संस्कृत के ग्रन्थों का अध्ययन किया । दारा की भारतीय दर्शन के प्रति रुचि दर्शाती है कि उनका धर्म

एवं दर्शन के प्रति गहरा लगाव था । उनकी संस्कृत अनुदित कृतियों के अध्ययन से यह स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय धर्म के प्रति समन्वयवादी दृष्टिकोण था जो व्यक्तिगत आध्यात्मिक पृष्टभूमि से युक्त था जैसा कि दारा ने एक उल्लेख में स्पष्ट किया 'सत्य' की खोज में उनकी इचछा का जाग्रत होना । उपनिषद् के शब्दतः अनुवाद से स्वयं दारा ने आध्यात्मिक शान्ति पायी, साथ ही साथ भारतीय धर्म के तथ्यों से अपनी संतान, परिवार एवं मित्रों को सत्य मार्ग दिखाया । दारा की दृष्टि में वेद एकेश्वरवाद के उद्घोषक हैं । दारा के विचार में वैदिक एकेश्वरवाद की स्थिति इस्लामिक एकेश्वरवाद से मिलती जुलती है ।

दारा शिकोह के संस्कृत से फारसी में अनुवाद में उपनिषद् प्रमुख हैं । दारा ने फारसी भाषाओं में अनुदित उपनिषद् का शीर्षक — सिर्रे अकबर (1067 ईस्वीं) रखा। भगवत गीता, योगवासिष्ठ अन्य संस्कृत से फारसी में अनुवाद हैं । इसी प्रकार 'मुकालामा' रचना के अन्तर्गत दारा ने एक संतलाल दास के साथ भारतीय अध्यात्म पर अपने संवाद लिपिबद्ध किया था । दारा का भारतीय संस्कृति के प्रति लगाव परम आदरणीय है क्योंकि संस्कृत भाषा की उपनिषदों के अनुवाद में ज्ञान की प्राप्ति हेतु दारा ने अधिक संख्या में संसकृत के पंडितों को नियुक्त किया था । दारा का वह कार्य प्रशंसनीय है । दारा ने कितने मूल संस्कृत ग्रन्थों का अध्ययन किया यह ज्ञात नहीं है । फिर भी समकालीन लेखकों की कविताओं में कुछ छुटपुट उल्लेख मिलते हैं जो दारा के संस्कृत प्रेमी होने की घोषणा करते हैं । पण्डितराज जगन्नाथ मिश्र उनके प्रिय कवि थे एवं उनकी कविताएं दारा को अति प्रिय थीं । वे राजजगन्नाथ मिश्र की संसकृत कविताओं से इतने प्रभावित थे कि उनहोंने मुंह माँगा पुरस्कार तक देने की घोषणा कर दी । दारा शिकोह के समकालीन संस्कृत के कवियों जैसे कविन्द्राचार्य, हरिराम एवं अन्य संस्कृत कवियों ने दारा शिकोह के संस्कृत के प्रति श्रद्धा भाव की भूरि–भूरि प्रशंसा की है ।[2] दारा ने संस्कृत भाषा को सीखने अथवा दर्शन में अभिरुचि दिखायी है । इस तथ्य के साक्ष्य समकालीन संस्कृत लेखकों या फारसी इतिहासकारों के माध्यम से प्राप्त होते हैं । यद्यपि फारसी अथवा अन्य लेखकों के साक्ष्य की तुलना में दारा की रचित संसकृत कृतियाँ ही उसके भारतीय धर्म एवं दर्शन के ज्ञान को प्रमाणित करती हैं ।

दारा की उदार विचारधारा की झलक उसकी कृति मजमाउल बहिरीन में दृष्टिगोचर होती है । मजमाउल बहिरीन का अर्थ हिन्दी में समुद्र संगम है । दारा ने भारतीय धर्म के मूलभूत विचारों एवं इस्लाम के मूलभूत विचारों के तुलनात्मक स्वरूप की दो समुद्र की भांति एक एक साथ मिलाने का कठिन प्रयास किया है । दारा के अनुसार दोनों धर्मों मनुष्य को सत्यता एवं ईश्वर की अनुभूति कराने के लिए आध्यात्मिक प्रयत्न का प्रतिनिधित्व करते हैं ।[3] दारा की दोनों धर्मों के प्रति समन्वयवादी नीति को समकालीन लेखक ने आलमगीरनामा[4] में स्पष्ट लिखा है "कि वह निरंतर बनारस के पंडितों, संतों एवं विद्वत जनों के संपर्क में रहते थे और उनसे भारतीय धर्म एवं संस्कृति के विषय में चर्चा करते थे । उसने प्रभु के नाम का उल्लेख किया है ।"

इस प्रकार भारतीय धर्म एवं संस्कृति का उसे ज्ञान होता चला गया एवं उसका लगाव धार्मिक ग्रन्थों के प्रति बढ़ता गया । यह स्वरूप मजमाउल बहिरीन में स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है । उसमे दारा का योगिक और वेदान्त एवं भारतीय दर्शन का तुलनात्मक ज्ञान है । दारा ने समस्त तत्वों पृथ्वी, जल, तेज, वायु के विशद वर्णन किया है । दारा का हिन्दुत्व के प्रति सद्भाव सिर्रे अकबर में निहित है । सिर्रे अकबर के आरम्भ में दारा ने बनारस को हिन्दू धर्म और विज्ञान का केन्द्र कहा है ।[5] वरनीयर इसे बनारस के पंडितों का विशाल समूह कहा जो उपनिषद् के अनुवाद में सहायता के लिए दिल्ली बुलवाया गया । आलमगीर नामा के लेखक लिखते हैं कि वह ब्राह्मणों जोगियों एवं सन्यासियों के साथ रहा करते थे । बनारस के पंडित को दो हजार रू. की सेवावृत्ति प्रदान की । इसी प्रकार संस्कृत के अन्य विद्वानों को द्वारा वेतन प्रदान किया करते थे उनमे बनवालदास, जगन्नाथ मिश्र, चन्द्रभान ब्राह्मण आदि । चन्द्रभान ने मुकालाया का अनुवाद फारसी में किया ।

महमाउल बहिरीन में दारा ने वेदान्त के सैद्धान्तिक स्वरूप आत्मा को इस्लामिक मत में रुह से तुलना किया है । मुक्त को निज़ात कहा । बहिस्त को स्वर्गलोक पंचतत्वों का स्वरूप उनकी तुलना इन सभी तथ्यों पर तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया । मजमाउल बहिरीन से आरम्भ करते हुए भारतीय ज्ञान, भक्ति कर्म की प्रतीक श्रीमद्भगवत गीता का फारसी भाषा में

अनुवाद किया । दारा का मानना था किी सदियों से साथ-साथ रहने के बाद भीर हिन्दु एवं मुस्लिम एक दूसरे के धर्म में निहितर सत्य तथ्य को न जान पाये । ईश्वर एक है । वह सर्वप्रभुत्ता सम्पन्न है । वे बार-बार लिखते हैं कि मैंने यह खोज स्वयं आत्म शान्ति के लिए की है ।[6] दारा ने मजमाउल बहिरीन[7] में जिन बिन्दुओं पर तुलनात्मक दृष्टपात किया है वे इस प्रकार हैं — आत्मा के दो यप 'अबुल अरवा' संस्कृत के आत्मा परमात्मा । आत्मा अर्थात् 'रूह' 'जसद' अर्थात् शरीर में रहती है । सभी आत्माएं जिसमें रहती हैं 'अबुल' 'अरवा' या परमात्मा । संस्कृत में जिसे चेतन कहा, वही दारा ने उसे अलीम कहा । अनंत को अल-हक, अनुवाद किया । भारतीय धार्मिक ग्रन्थों में वर्णित 'महाप्रलय' जिसे सृष्टि का अंत बताया गया वहीं दारा ने अपने फारसी के अनुवाद उसो कियामत कहा ।

भारतीय ब्रह्मज्ञान सम्बन्धी ज्ञान पर आधारित ग्रन्थ योग वसिष्ठ है । ये योग पर लिखा प्राचीन ग्रन्थ है । योग प्रेमी होने के कारण दारा ने (1656 ईसवी) में योग वासिष्ठ के अनुवाद का आदेश दिया एवं अनुवाद करने वालेर संसकृत के विद्वानों में स्वयं भी सम्मिलित हो गया । यूरोप में फारसी की एक प्रति योग वासिष्ठ की बोलदियन लाइब्रेरी में सुरक्षित है।8 योग वसिष्ठ छः प्रकरणों में विभक्त है — 1. व्याकरणं प्रकरणं 2. मुमुक्ष व्यवहार प्रकरण 3. उत्पत्ति प्रकरण 4. सृष्टि प्रकरण 5. उपासमा प्रकरण 6. निर्वाण प्रकरण । दारा ने गन्थ के आरम्भ में योग वसिष्ठ को फारसी भाषा में अनुवाद करने का कारण बताते हुए अपने एक स्वप्न को वर्णित किया है जिसमें उनहोंने वसिष्ठ और रामचन्द्र की छवि देखी और उनका आर्शीवाद पाकर इस ग्रन्थ के अनुवाद में समर्पित हुए ।

दारा शिकोह का साथ बाबालाल नामक एक हिन्दू योगी के साथ हुआ । वे भारतीय ब्रह्म ज्ञान के सिद्धान्त को दारा शिकोह से बताते रहे । बाबालाल एवं दारा शिकोह के सात सम्वाद तुलनात्मक आध्यात्मिक ग्रन्थ के रूप में प्रसिद्ध हुए । हिन्दू धर्म एवं दर्शन के प्रति दारा शिकोह बाबालाल से अपनी शंकाओं एवं भ्रान्तियों का समाधान पाते रहें । रामायण के विषय में भी बाबालाल से अपनी शंकाओं एवं भ्रान्तियों का समाधान पाते रहें । रामायण के विषय में भी बाबालाल ने जानकारी दी । उपनिषद् "सिरेअकबर" संस्कृत के मूल उपनिषद् का

शब्दतः अनुवाद है । उन्होंने शंकराचार्य केर व्शख्या पद्धति को अनुसरित किया । मुस्लिम धर्म के मानने वालों के लिए उपनिषद् का फारसी में अनुवाद कर, दारा ने महत्वपूर्ण कार्य किया । सिर्रे अकबर न केवल अमूलय अनुवाद हे वरन् एक मूल ग्रन्थ भी है । सिर्रे अकबर गे आरम्भ में ईश्वर के नाम `स आरम्भ किया ।

दारा शिकोह के सिर्रे अकबर का अत्यन्त महत्व है । इसका प्रथम अनुवाद लैटिन भाषा में ऑक्वेतिल इपेरान महोदय ने किया । इसका शीर्षक उप निखत रखा । उपनिषद् के फारसी अनुवाद से मुस्लिम देशों को भारतीय, धार्मिक, दार्शनिक विचारों एवं संस्कारों का ज्ञान प्रापत हुआ । प्रथम बृहदारण्यक उपनिषद् है । साथ ही साथ यह विशाल भी है । सिर्रे अकबर में किसी ब्रह्मा में मंत्रों की संख्या कम है और किसी में अधिक । बृहदारण्य उपनिषद् षष्ठ अध्यायों में विभक्त है । उन अध्यायों के अनुवाद के माध्यम से दाराशिकोह ने उपनिषद् के एकेश्वरवाद स्वरूप को स्पष्ट करने का प्रयास किया ।

राजकुमार दाराशिकोह ने विभिन्न धार्मिक ग्रन्थों के अध्ययन से ज्ञान प्राप्त किया उनसे दारा का व्यक्तित्व बहुत आयामी हो गया था । उसने साहित्य के साथ विविध कलाओं का भी ज्ञान प्राप्त किया । उसकी व्यक्तित्व की सादगी उनकी ललित कला में झलकती है वह एक प्रख्यात सुन्दर लिखने वाला था । सुलेख विद्या मुल्ला अब्दुल रशीद से ग्रहण की उसकी सुन्दर लिखावट है कि प्रशंसा विभिन्न इतिहासकारों ने की है ।[9] इसी प्रकार दारा की रुचि एवं दक्षता उनकी उत्कृष्ट कला में दृष्टिगोचर होती है । भारत–फारसी कला के अर्न्वत दारा सूक्ष्म चित्रकारी का तकनीक से भली–भांति परिचित था । उसकी बनाई हुई चित्रकारी की प्रतियां बोडेलियन लाइब्रेरी, आक्सफोर्ड में सुरक्षित हैं । चित्रकला से सम्बन्धित विचारों को दारा ने 'मुरक्का' में संग्रहीत किया ह, जो लंदन संग्रहालय में भारतीय दफ्तर में रखी गयी हैं । दारा का संग्रहीत 'मुरक्का' 40 सूक्ष्म चित्रों से सज्ति एक एलबम है जो भारत–फारसी कला का अद्वितीय उदाहरण है । इन चित्रों में से कुछ विशेष चित्र इस प्रकार हैं — भूरे रंग की चिड़िया इसके चारों ओर प्राकृतिक दृश्य, तालाब हरियाली आदि दर्शायी गयी है । जंगली बत्तख प्रातःकाल के दृश्य के साथ दर्शायी गयी है । सूर्य की सुनहरी ाकिरणों को सुनहरे रंग से चित्रित

किया हैं जो अत्यनत सुन्दर प्रभाव दे रहा है । एक अन्य चित्र में बूढ़े फकीर (भिक्षुक) का चित्र है जो हल्के रंगों से चित्रित हैं उसके एक हाथ में पुस्तक थी तथा दूसरे में गुलाब का फूल । बाहरी आकृति के गहरे रंग से इंगित किया है । इस प्रकार से दारा के एलबम में 30 चित्र चित्रित हें जिसमें प्राकृति दृश्य, राजघरानों से सम्बन्धित पिता, भाई आदि के मिलते हैं ।

दारा शिकोह उच्च ज्ञानी था । अरबी, फारसी संसकृत का ज्ञान, होने के कारण विद्वानों, मुल्लाओं एवं संतों की संगति में रहता था । सूफीमत का ज्ञान प्राप्त करने के लिये भारत के प्रसिद्ध सूफी कादरी शाखा संतो के सम्पर्क में रहा । इनमें मियां मीर, मुल्लाशाह प्रमुख हैं । सूफी मत पर लिखी कृति **"सफ़ीनतुल औलियां'**, सूफी संतों की जीवनी हैं यह दारा की प्रथम कृति है जो 1639 ई. में लिखी गयी । इसी प्रकार दूसरी महत्वपूर्ण कृति **'सकीनतुल औलिया'** है जो 1642 ईसवीं में तैयार हुई । सकीनतुल औलिया सुफी मत पर वाद सुफी संतों जैसे शेख़ अब्दुल कादिर के वृतानत मुल्लाशाह मिया जीव के अनुयायियों का समस्त वृतान्त वर्णित है ।[10] दारा का सम्बन्ध कादिरिया शाखा से था । अतः उसने सकीनतुल औलिया की रचना में हदीस तफ़सरी की मदद ली । इसके अतिरिक्त कशफुल महजूब, मिशकात शरीफ आदि का आश्रय लेकर ग्रन्थ की रचना की ।

दारा की सूफी मत पर लिखी अन्य कृतियों में **रिसाला-ए-हुकनुमा** एवं **हसनतुल आरफीन** हैं । रिसाला-ए-हुकनुमा भी सुफी मत पर लिखी गई । 1646 की कृति है । छः अध्यायों में विभक्त रिसाला-ए-हुकनुमा में ब्रह्मज्ञान एवं सूफी मत परम्परा का अवलोकन होता है । यह पुस्तक 1881 ई. में पहली बार छप चुकी है । 1912 में फारसी से अंग्रेजी अनुवाद किया गया जो तेहरान में भी छप चुका है ।

दारा ने अन्तिम सूफी ग्रन्थ हसनातुल आरफीन नाम से लिखी । यह 1653 ई. में पूरा हुआ । सूफी मत परम्परा को अवलोकन होता है । यह पुस्तक 1881 इ. में पहली बार छप चुकी है । 1912 में फारसी से अंग्रेजी अनुवाद किया गया जो तेहरान में भी छप चुका है ।

दारा ने अन्तिम सूफी ग्रन्थ **हसनातुल आरफीन** नाम से लिखी । यह 1653 ई. में पूरा हुआ । सूफी

मत में शरह अर्थात् सूफियों के धार्मिक कानून के विरुद्ध कही बातें जो पूर्वज सूफियों ने कही है उनका वर्णन दारा ने हसनातुल आरफीन में किया है ।[11] इसमें हुसैन बिन मन्सूर अल हल्लाज अबू सईद इब्न अबुअलखैर, अब्दुल कादिर जिलानी आदि के वक्तव्य मिलते हैं । इसके अतिरिक्त 'तारिकतुल हक़ीकत', रिसलाए–हुकनुमा का भी वर्णन प्राप्त होता है ।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि दाराशिकोह ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति में एक अमिट स्थान बना लिया है । उन्होंने धर्मनिरपेक्ष रचनाओं से भारतीय समाज में परस्पर सौहार्द की भावना को व्यक्त किया । फारसी, संस्कृत का ाान राजकुमार दारा ने 500 वर्ष पूर्व जो साहित्य भारतीय समाज को प्रदान किया वह आज भी मध्यकालीन इतिहास की सांस्कृतिक धरोहर के रूप महत्वपूर्ण हैं ।

सन्दर्भः

1. फारसी ग्रन्थ अनुदित — हसरत दारा शिकोह ।
2. महफूजुल हक — इंट्रोडक्शन इन मजमाउल बहिरीन
3. मेडीवल इंडियन मिस्टिज्म, लंदन, पृ. — 143
4. कविन्द्राचन्द्रोदय, पूना, 1939
5. प्रबुद्ध भारत — भाग–4
6. आलमगीरनामा — मोहम्मद काजिम, इलियट के अनुवाद
7. करीन चन्दोदय — कवीन्द्रचार्य (पूना 1939)
8. मजमाउल बहिरीन
9. महफूल–हक– मजमाउल बहिरीन
10. इथी और इसकहाउस कैटलाग नं. 1328
11. तादकिराए खुशनाविसान, पृ.–54

मेघदूत : मेघ–तत्त्व की वैज्ञानिकता

डॉ. मो. मेराज अहमद
सहायक प्राध्यापक, संस्कृत विभाग
कश्मीर विश्वविद्यालय
श्रीनगर

मानव और प्रकृति का सम्बन्ध अनादिकाल से चला आ रहा है । मानव ने प्रकृति के ही विराट् प्रांगण में उल्लास भरे गीतों को गाया है और उसी के आँचल में सिर छिपाकर सिसकियाँ भी ली हैं । प्रकृति सदैव उसके साथ रही है और प्रकृति ही उसकी पथ–प्रदर्शिका भी रही है । प्रकृति के अद्भुत क्रिया–कलाप से मानव हृदयस्थ भावनाओं में भय, विस्मय, प्रेम आदि का स्फुरण हुआ, उसकी नियमितता देखकर मानव–मस्तिष्क में ज्ञान–विज्ञान की बुद्धि का विकास हुआ । दार्शनिक दृष्टि से भी मानव और प्रकृति का सम्बन्ध स्थायी है, चिरन्तन है । सत् रूपी प्रकृति, चित् रूपी जीव और आनन्द रूपी परम तत्त्व — तीनों मिलकर 'सच्चिदानन्द परमेश्वर' की सत्ता का रूप धारण करते हैं । शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक — तीनों दृष्टियों से प्रकृति मानव का पोषण करती हुई उसे जीवन में आगे बढ़ाती हैं ।

मानव और प्रकृति के अटूट सम्बन्ध की अभिव्यक्ति धर्म, दर्शन, साहित्य ओर विज्ञान में चिरकाल से होती रही है । साहित्य मानव जीवन का प्रतिबिम्ब है, अतः उस प्रतिबिम्ब में उसकी सहचरी प्रकृति का प्रतिबिम्ब होना स्वभाविक है । इतना ही नहीं, प्रकृति, मानव–हृदय और काव्य के बीच संयोजक का कार्य भी करती रही है । न जाने हमारे कितने ही कवियों को अब तक प्रकृति से काव्य–रचना की प्रेरणा मिलती रही है ।

कालिदास संस्कृत साहित्य प्रकृति–चितेरों में अग्रगण्य हैं । उनके प्रत्येक काव्य में प्रकृति के भव्यरूप के दर्शन होते हैं । वे केवल प्राकृतिक वस्तुओं के नाम–मात्र गिनाकर ही संतोष नहीं करते, अपितु उनकी पूर्ण एवं रमणीय झांकी प्रस्तुत करते हैं । उनका कोई भी ग्रंथ देखा जाए, तो उसमें गिरि, वन, उपवन, नदी, पुष्प, लताएँ, पशु–पक्षी, मेघ आदि के भव्य चित्र अवश्य देखने को मिलते हैं । 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' की नायिका का बचपन तो तपोवन में प्रकृति की उस भव्य गोद में

बीतता, जहाँ की निर्जीव लताएँ तक उसके वियोग में आँसू बहाती है । ऋतुसंहार तो प्रकृति के ऊपर ही रचा गया काव्य है । तात्पर्य यह है कि कालिदास के अन्तःकरण मे प्रकृति के प्रति अगाध प्रेम वर्त्तमान था, उनकी वृत्ति प्रकृति में इतनी रमी कि उन्हें मानव तथा सृष्टि के बीच में कोई भेद–भाव ही नहीं रहा । अस्तु, उनके 'मेघदूत' में भी प्रकृति का अति सुन्दर रूप देखने को मिलता है ।

'मेघदूत' भारत की देवमातृक भूमि पर श्रृंगार और आत्मा की चैतन्य की परिपूर्ण भाषा है । इसमें तो मानो प्रकृति ने स्वयं अपनी पूरी कथा भर दी है । स्वयं कालिदास ने प्रकृति की इस रूप को जिस रूप में समझा था, वह उनकी पंक्ति है —

"जानामि त्वां प्रकृति पुरुष कामरूपं मधोनः ।"
– पूर्वमेघ, 6

मेघदूत में वर्णित मेघ का वैज्ञानिक विवेचन अत्यनत प्रासंगिक है । प्रकृति के आरम्भ से ही 'मेघ' कौतुहल एवं जिज्ञासा का विषय रहा है । चराचर जीव से लेकर सिद्धों, कवियों और वैज्ञानिकों के बीच मेघ का स्वागत और सम्मान है । स्थूल और सूक्ष्म, दृश्य और अदृश्य , अतिन्द्रिय तथा ऐन्द्रिय सभी पदार्थ मेघ के आगम से प्रभावित होते हैं । कवियों ने मेघ को साधु, सौम्य, सुभग और आयुष्मान कहा है । 'मेघ' की संज्ञा 'धूमज्योति' भी है । शतपथ ब्राह्मण में कहा है —

"अग्नेर्वै धूमो जायते धूमादभ्रमभ्राद्वृष्टिः ।"
— शतपथ. 5.3.5.17

कालिदास ने भी मेघ के स्वरूप के विषय में कहा है —

"धूम ज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः"
—पूर्वमेघ– 5

प्रकृति के विभूतिमय गुणों पर मुग्ध होकर मनुष्य में आश्चर्य करने की स्वभाविक प्रवृत्ति है । यदि हम किसी वैज्ञानिक से प्रश्न करते हैं कि — 'मेघ क्या है? तो उसका भी उत्तर कालिदासीय होगा कि मेघ धुआँ, आग, पानी और हवा का समूह है । (धूमज्योति :

सलिल मरुतां सन्निपातः) । कालिदास का जो मेघ के प्रति विचार है, वह पूर्णतः विज्ञान सम्मत है । वे प्रकृति के सिद्धहसत कवि हैं और एक कवि की सोच विज्ञान से परे होती है । इसीलिए कालिदास ने जो मेघतत्त्व का वर्णन किया है, उसमे मेघ के सभी रूप जैसे तर्जन, गर्जन, उर्ध्वगमन, आदि समा गए हैं, जो आज आधुनिक भूगर्भ–विज्ञान एवं मौसम–विज्ञान में अध्ययन किया जाता है । मेघ की आकृति, प्रकार, ध्वनि, गति, वर्ण, वंश आदि का वर्णन कवि ने पुष्कल काव्यात्मक वर्णन मेघदूत में किया है —

"जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानाम् ।"
–पूर्वमेघ –6

'पुष्करावर्तक' मेघ की वंश की महिमा का गुणगान 'वृहज्ज्योतिसारः' में भी की गई है —

"आवर्तके महावर्तः संवर्तो बहुतोयदः ।
पुष्करे चित्रिता वृष्टिद्रोणोऽपि बहुवारिदः ।।"
—वृहज्ज्योतिसारः

अर्थात् **'आवर्तक'** मेघों में बड़े–बड़े भँवर पड़ते हैं, **'संवर्त'** में जल–संचय होता है, **'पुष्कर'** में चित्र–विचित्र सृष्टि होती हैं, तथा **'द्रोण'** संज्ञक मेघ अपरिमेय जलराशि के स्वामी होते हैं ।

आधुनिक मौसम–विज्ञान में भी कालिदास के समान मेघ के चार प्रकार का होता है । **सिरस (Cirrus)** मेघ पाँच से दस मील की ऊँचाई पर सबसे ऊपर रहते हैं । इसमें छोटे हिमकण के समुदाय फैले रहते हैं । **'क्यूमुलस' (Cumulus)** मेघ त्रिकोण रूप वाले होते हैं । इनकी ऊँचाई भूमि से एक मील ऊपर होती हे । इनमें हवा की भाप वाष्प बनकर फिर जलीय रूप ग्रहण करते हैं । **'स्ट्रेटस' (Stratus)** मेघ बहुत नीचे और फैले हुए होते हैं । ये मनोहारी होते हैं । **'निम्बस' (Nimbus)** मेघ घने एवं काले, जलराशि से भरे होते हैं और मूसलाधार बारिश करते हैं । अंग्रेजी नामों के पयार्य के रूप में तो नहीं, किनतु साम्यता के आधार पर संस्कृत के मेघ के समकक्ष इस प्रकार रखा जा सकता है :–

विज्ञान सम्मत नाम – संस्कृत नाम

1.	सिरस (Cirrus)	–	पुष्कर
2.	'स्ट्रेटस' (Stratus)	–	संवर्त्तक
3.	'क्यूमुलस' (Cumulus)	–	आवर्त्तक
4.	'निम्बस' (Nimbus)	–	द्रोण

मेघ के इन चार भेदों से दस अवान्तर भेद हो जाते हैं — **कुन्तल मेघ, कुन्तल परतीले मेध, कुंतल–कुंज मेघ, उच्च कुंज मेघ, उच्च परतीले मेघ, परतीले कुंज मेघ, वर्षा मेघ, कुंज मेध, कुंज वर्षा मेध तथा परती‌ले मेघ** । प्रायः सभी मेघ 1000 मीटर के ऊँचाई के ऊपर ही रहते हैं ।

कालिदास ने मेघदूत में मेघों के अवान्तर रूपों का चित्रण इस प्रकार किया है —

1. कालिदास ने रामगिरि के मेघ को पुष्कर और आवर्त्तक नामक मेघों के उच्च वंश में उत्पन्न कहा है। इसलिए **पुष्कर (Cirrus)** और आवर्तक मेघ (stratus) वायुमण्डल में 20 हज़ार फुटया इससे अधिक ऊँचाई पर पाए जाते हैं । जहाँ यह होता है, वहाँ का ताप हिमांक ($0^{o}c$) से नीचे होता हे । कवि ने इस मेघ का उल्लेख हिमालय में किया है, जिसे **'मुक्ताध्वा'** कहा गया है ।

2. मेघ का दूसरा भेद **'कुन्तल परतीले मेघ' (Cirro stratus)** का है । यह मेघ हल्के श्वेत मेघ की पतली परत होती हे । इस मेघ के लिए कालिदास ने लिखा कि वह कैलाश के समीप ऐसा जान पड़ता है कि मानो ऐरावत के मुख पर श्वेत पट तान दिया गया है —

   "कुर्वन् कामं क्षण मुखपटप्रीतिमैरावतस्य ।"
   पूर्वमेध – 62

3. तीसरा मेघ **'कुंतल–कुंज' (Cirro-Cumulus clouds)** है, जो श्वेत गोलाकार मेघों का पुंज है । आकाश मछली तुल्य लगता है । हिमालय पर ऊपर से नीचे आते हुए मेघ कैलास पर जहाँ शिव–पार्वती विचरण करते हैं, सोपान–पक्ति के *आकार में अपने शरीर की भंगिमा से शिव–पार्वती* के सामने प्रकट होते हैं —

"भङ्गीभक्तया विरचितवपुः स्तम्भितान्तर्जलौघः,
सोपानत्वं कुरु मणितटारोहणायाग्रयायी ।"
पूर्वमेध - 60

4. 'उच्च-कुंज मेघ' (**Alto Cumulus Clouds**) में मेध बड़े-बड़े गोलाकार पिण्डर के रूप में होता है । इसमें मेघ ऊपर से नीचे उतर कर वायुमण्उल के मध्य आ जाता है । कालिदास ने कल्पना की है कि हमारा मेघ भी हिमालय के सर्वोच्च स्थान से नीचे उतर कर पहाड़ की चोटी पर आकर बैठता है और शीघ्रता से ऐसा करता हुआ वह हाथी के ठुमकते हुए छोटे बच्चे का रूप धारण कर लेता है —

"कैलासस्य त्रिदशवनितादर्पएणस्थातिथिः ।"
पूर्वमेघ-58
"गत्वा सद्यः कलभतनुतां शीघ्रसंपाहेतोः ।"
उत्तरमेघ -18

5. परतीले कुंज मेघ (**strato-Cumulus clouds**) शरद ऋतु में बहुधा आकाश को ढँक लेता है । शरदकालीन नीले आकाश में रात्रि के समय चन्द्रमा के साथ आँख-मिचौली करते हुए स्वरूप अत्यंत मनोहारी होता है —

"त्वत्संतेधापगमविशदैश्चन्द्रपादैर्निशीथे,
व्यालुम्पन्ति स्फुटजललवस्यन्दिनश्चन्द्रकान्ताः
उत्तरमेघ -7

6. वर्षा मेघ, (**Nimbus**) वस्तुतः व्युत्पत्ति की दृष्टि से मेघ नाम की सार्थकता इसी में है । जो जल का मेहन या वर्षण करे वही मेघ है — मेघः कस्मात् मेहतीति - निरुक्त । कालिदास का विद्युतवन्त दूत यही मेघ है, जिसके लिए कवि ने 'प्रावृषा संभृतश्रीः' कहा है । यह मेघ अत्यंत काला एवं घना होता है । मूसलाधार वृष्टि करते हुए इस मेघ को कवि ने अभ्रवृन्द कहा है —

"या वः काले वहति सलिलोद्गारमुच्चैर्विमाना,
मुक्ताजालग्रथितमलकं कामिनीवाभ्रवृन्दम् ।।"
पूर्वमेघ - 63

कवि ने **निम्बस या द्रोण मेघ** को अन्तस्तोय या जलभरित कहा है — **'अन्तोस्तोयं मणिमयभुवस्तु-ङ्गमभ्रंलिहाग्राः'** — **उत्तरमेघ -1** यह विद्युत को अपने गर्भ में छिपाए रहता है — **'विद्युद्-गर्भः'** — उ.मे. 35। निम्बस या द्रोण मेघ कभी-कभी गर्जन करते हैं — **'धीरः स्तनितवचनैः' (उत्तरमेध -35)** । इस मेध में बीच-बीच में हल्की-हल्की फुहार भी आती है — **'त्वामप्यस्रं नवजलमयं मोचयिष्यत्यवश्यं'** (उत्तरमेघ - 30) । कभी-कभी सहस्र वारिधाराओं से मूसलाधार अटूट वर्षा होती है । इसलिए इसे 'द्रोणमेघ' कहा जाता है । वन में लगी हुई दावानल को बुझाने वाले ये ही मेघ होते हैं । ये पृथ्वी का सच्चा कल्याण करने वाला मेघ होता है-

"अर्हस्येनं शमयितुमलं वारिधारासहस्रैः,
आपन्नार्ति प्रशमनफलाः संपदोह्युत्तमानाम् ।।
पूर्वमेघ - 53

7. **कुंज मेघ (Cumulus Clouds)** ऊन के ढेर या फूलगोभी के समान होता है, जो क्षितिज में छा जाते हैं । आम्रकूट के नीचे फैले हुए वेणी के सदृश काले रंग का मेघ यही है —

'त्वय्यारूढ़े शिखरमचलः स्निग्धवेणीसवर्णे' ।।
पूर्वमेध -18

8. **कुंज वर्षा मेघ (Cumulo-Nimbus Clouds)** में तूफान, गर्जन और घोर वृष्टि होती है । ये खूब गरजते और बरसते हें । कवि ने इसकी तुलना कन्दरा में दहाड़ने वाले शेर से की है — 'अद्रि ग्रहण मुरूभिः गर्जितैः' — पूर्वमेघ - 44 इस मेघ में ही कवि ने कर्ण-कठोर गर्जन कहा है — "श्रवण परुषैः गर्जितैः ।" — पूर्वमेघ - 61

9. परतीले मेघ **(Stratus Clouds)** कुहासे (Fog) के समान होता है, किन्तु पृथ्वी के निकट रहकर आकाश की ओर उठता है । कवि ने इसे धुएँ के आकारवाला कहा है, जो पृथ्वी से ऊपर की ओर उठता हुआ अटारियों के जाल-मार्गों से मानो धुएँ की तरह जर्जर रूप मं निकल भागता है —

"शङ्कास्पृष्टा इव जलमुचस्त्वादृशा जालमार्गै
धूमोद्गारानुकृतिनिपुणा जर्जरा निश्पतन्ति ।।
उत्तरमेघ - 6

मेघ को कालिदास ने इच्छानुस:र रूप रखने वाला (कामरूपं) कहा है । वैज्ञानिक भी उसकी सर्वत्र विहार क्षमता को स्वीकार करता है । कवि ने मेघ को आकाशमार्ग से जाते हुए व्यवधानों का उल्लेख किया है —

उत्पश्यामि द्रुतमपि सखे मत्प्रियार्थे यियासोः ।
कालक्षेपं कुकुभक्षुरभौ पर्वते पर्वते ते ।।
पूर्वमघ - 22

प्रायः यह व्यवहार में देखा जाता है कि हल्के मेघों को हवा उड़ाकर तितर-बितर कर देता है । जिन मेघों में गम्भीर जलराशि भरी होती हे, वे ही हवा के सामने डटकर बरसते हें । जिस संदेश का यक्ष अपनी प्रियतमा के पास भेजना चाहता है, वह मूसलाधार बरसने वाले बादल से ही सम्भव है —

"अन्तः सारं धन तुलयितुं नानिलः शक्ष्यति त्वां ।
रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय ।।"
पूवमेघ-20

अस्तु, मेघ (Clouds) के आगम से जिस प्रकार वनस्पति और औषधियाँ ऊर्जा के साथ बढती है और वीर्यवती होती है, वैसे ही पशु भी आनन्दोद्रेक को प्राप्त होते हैं । चेतना की दृष्टि से वनस्पति, पशु, मनुष्य सब एक ही विश्वव्यापी महाप्राण के पर-अवर भेद हैं । विराट् मेघ का प्रभाव सर्वत्र पड़ता है । मेघ की विशेषता निम्न श्लोक में द्रष्टव्य है —

"विद्युत्वन्तं ललितवनिताः सेन्द्रचापं सचित्राः
संगीताय प्रहतमुरजाः स्निग्धगम्भलरघोषम् ।
अन्तसतोयं मणिमयभुवसतुङ्गम भ्रलिहाग्राः
प्रासादास्त्वां तुलयितुमलं यत्र तैसतैर्विशेषैः ।।
- उत्तरमेघ - 1

“परंपरागत छात्रों एवं आधुनिक छात्रों में राष्ट्रीय चेतना का तुलनात्मक अध्ययन”

डा. कुसुम यदुलाल*एवं जय नाथ झा**

प्रस्तावना

राष्ट्रीय अस्मिता की अवधारणा बहुआयामी है । भारत एक बहुजातीय और बहुधर्मी देश है । यहां विविध नृवंशीय जन–समुदाय विभिन्न मान्यताओं, रीति–रिवाजों तथा आस्थाओं के साथ रहते हैं । अनेक संस्कृतियां व जातियां पारस्परिक लेन–देन की प्रक्रिया के दौर से गुजरीं और भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में सामंजस्यपूर्वक समाहित होती चली गई । मध्यकालीन भारत में वैष्णव, संत–कवियों, सूफी संतों तथा कतिपय शासकों ने हिन्दू और मुसलमानों के बीच प्रेम समन्वय स्थापित करने की चेष्टा की । लेकिन ऐसा लगता है कि इस समन्वयकारी धारा से अलग एक विग्रकारी अंतर्धारा भी प्रवाहित होती रही है ।

भारत विभाजन एवं साम्प्रदायिकता के वास्तविक कारण क्या थे । जब धार्मिक मान्यताएं चरमपंथियों के हाथ पड़ जाती हैं तो वे अपने धर्म के साथ अहंकारी कट्टरता को जोड़ लेते हैं । चरमपंथियों के अंतिम सत्य प्रायः धार्मिक फतवों, जिहादी नारों एवं विद्वेषों को जन्म देते हैं । ऐसे वातावरण में प्रत्येक धर्मावलंबी अपनी ही उपासना पद्धति को सर्वश्रेष्ठ, सर्वोपरि एवं एकमात्र प्रमाणित मार्ग घोषित करता है । बस यहीं से ईश्वर के बंदों में धर्मांधता, असहिष्णुता, साम्प्रदायिक घृणा भाव तथा हिंसापूर्ण विचारों का बीजारोपण होने लगता है ।

---

* निर्देशिका : डा. कुसुम यदुलाल, वरिष्ठ प्रवाचिका, आधुनिक ज्ञान–विज्ञान संकाय, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृतविद्यापीठ (मानित विश्वविद्यालय), कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली

** अनुसंधाता : जय नाथ झा, बी.एड. साहित्याचार्य शोधार्थी, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृतविद्यापीठ (मानित विश्वविद्यालय), कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली

भारत राष्ट्र की अस्मिता पर विचार करते समय, समीचीन ही होगा कि हम अपने बहुत सारी राष्ट्रीय दुखान्तिकाओं के कारणों को जानने के लिए अपने इतिहास पर एक विहंगम दृष्टि डालें और अपनी आत्मघाती भूलों को सुधार कर अपने वर्तमान व भविष्य के राष्ट्रीय मार्ग को प्रशस्त करें । पूर्व राष्ट्रपति डा.ए.पी. जे.अब्दुल कलाम के अनुसार हमारे अनेक भूतकालीन दुखान्तिकाओं का कारण अनुशासन की कमी तथा साहसिक कदम उठाने के स्थान पर व्यक्तिगत सुरक्षा पर अधिक ध्यान देना है ।

भारत की दुर्दशा का कारण अव्यावहारिक राजनीति, अनेक जातियों वाली सामाजिक संरचना, ऊँच-नीच की अमानवीय परंपरा, राष्ट्र निर्माण की तेजस्वी संकल्पना का अभाव है । अकर्मण्यता भरी, लेकिन आत्मघाती भावुक सहनशीलता, समाज के वर्गों में सतत पनपती जा रही विखंडन की प्रक्रिया ने इस महान राष्ट्र को विभाजित कर ही दिया ।

आज प्रजातांत्रिक स्वतंत्रता के नाम पर देश में अपराधों के प्रति उदारता बरती जा रही है । वोट के नाम पर विभाजनकारी जातीय-गोलबंदियां हो रही हैं । धन-बल, बाहु-बल व राजसत्ता की दुरभिसंधियों ने नेताओं, धनपतियों व अफसरशाहों द्वारा, जन-शक्ति को निस्तेज कर दिया है । राष्ट्रीय-धन के विदेशी बैंकों की ओर पलायन जैसी प्रवृत्तियां निरंतर तीव्र गति से पनपती जा रही हैं ।

स्थायी राष्ट्र निर्माण एवं शांति स्थापना के लिए राजनीतिक प्रयासों से कहीं अधिक, सांस्कृतिक एवं भावात्मक प्रयास प्रभावी व राष्ट्रीय चेतना के द्वारा सिद्ध हो सकता है । हिन्दू-मुस्लिम अथवा ईसाई, कोई भी धर्म हो, किसी भी हिसा अथवा घृणा के लिए कोई स्थान नहीं है । प्रेम और सहयोग ही सब धर्मो का सार है । राष्ट्र के सभी वर्गों व धर्मों के नागरिकों को समान रूप से राष्ट्र की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा । किसी भी देश के लिए धार्मिक कट्टरता घातक सिद्ध हो सकती है ।

साम्प्रदायिक सद्भाव राष्ट्रीय अस्मिता का एक प्रमुख अंग है । एक प्रौढ़ राष्ट्र के नाते, हमें याद रखना चाहिए कि वर्तमान का आचरण हमारे भविष्य का निर्माण कर रहा है । हमें अनुमान लगाना चाहिए कि क्या

भारत, पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की शत्रुता व कटुता के भार को अनन्तकाल तक वहन करते रह सकेगा । हमारा आज का राष्ट्रीय चेतना एवं आचरण ही हमारे आने वाली कल की राष्ट्रीय अस्मिता का निर्माण करेगा ।

क) राष्ट्र की संकल्पना

वैदिक विद्वान फतेह सिंह ने कहा है — **राष्ट्र शब्द अर्थ है** — "रातियों संगम स्थल" ।

राति शब्द का अभिप्राय है "देन" । राष्ट्रभूमि और राष्ट्रजन का संयुक्त होने पर राष्ट्र शब्द का निर्माण होता है । क्योंकि यहां राष्ट्रीय देन अपने-अपने राष्ट्रभूमि के चरणों में अर्पण (समर्पण) करते हैं । जो ऐसा नहीं करता है वह "अदेन" देशद्रोही आदि कहलाता है । सम्प्रति लोग विभिन्न वर्णों के पंथानुयायी लोगों के द्वारा संयोजन से जो आकृति समुखस्थ होती है वही व राष्ट्र यह इन विचारों को धारण करते हैं, किन्तु ऐसा नहीं है । आजकल राष्ट्रीय सम्प्रदाय हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, ब्राह्मण, शूद्र, शिया-सुन्नी आदि भेद से राष्ट्र की अवनति सामाजिक विघटन आदि राष्ट्रीय चेतना को कमजोर करती है ।

जब राष्ट्र के नागरिक सामूहिक भावना से प्रेरित होकर कार्य करते हैं तो अपने हितों से राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मानते हैं ।

ख) राष्ट्रीय चेतना की आवश्यकता

भारत में अनेक विविधताओं के कारण "अपनी-अपनी ढपली अपना-अपना राग" सुनाई पड़ता है । देश की प्रगति तथा देश की उन्नति के लिए राष्ट्रीय चेतना को आवश्यकता है । देश या राष्ट्र के विकास के लिए राष्ट्रीय चेतना अत्यंत जरूरी है । हमारे देश भारत में निम्नांकित बातों में विविधता मिलती है—

1. भौगोलिक दशाओं में विविधता होने के कारण भौगोलिक वातावरण में पायी जाती है ।

2. देश में प्रमुख धर्म तीन हैं — हिन्दू धर्म, इस्लाम धर्म, ईसाई धर्म । हिन्दू धर्म मतों में विभक्त है।

3. देश में अनेक जातियां,प्रजातियां निवास करती हैं ।

4. देश में बोलचाल की अनेक भाषाएं हैं, लगभग 12000 बोलचाल की भाषाएं देशभर में प्रचलित हैं ।

5. प्रत्येक प्रदेश की संस्कृति में भिन्नता होने के कारण विविध परंपराएं, वेश-भूषा, रहन-सहन इत्यादि दृष्टिगत होते हैं ।

6. नागरिकों के आर्थिक स्तरों में परिवर्तन होने के कारण अनेक वर्ग उत्पन्न हो गये हैं ।

7. अंग्रेजों के आगमन से पूर्व भारत देश विविध रियासतों एवं राज्यों में विभक्त था । स्वतंत्रता मिलने पर पहले की स्थिति में रहने के लिए अनेक विचारधाराएं देश में पनप रही हैं ।

इन सभी विविधताओं के कारण राष्ट्रीय सामंजस्य एवं चेंतना में अनेक बाधाएं उत्पन्न होती हैं जिससे अनेकों योजनाएं ठप्प हो जताी हैं । इन सभी भौगोलिक एवं प्राकृतिक बाधाओं पर विजय पाना असंभव तो नहीं, दुष्कर अवश्य है । किन्तु इन सभी बाधाओं को शिक्षा के माध्यम से भली प्रकार से दूर किया जा सकता है ।

डॉ. राधाकृष्णन का कथन है कि — "राष्ट्रीय एकता एक ऐसी समस्या है जिससे सभ्य राष्ट्र के रूप में हमारे असितत्व का घनिष्ठ संबंध है ।

भारतीय भाषाओं, समाजों, धर्मों तथा परंपराओं, रहन-सहन, वेश-भूषा, इत्यादि में विविधता होते हुए भी यहां एकता पाई जाती है जिसे किसी भी कीमत पर भुलना नहीं चाहिए । इस संबंध में पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा था— "भारतीय एकता कोई कल्पना की वस्तु नहीं है और न ही यह कोई उपहार है, जो भूतकाल से प्राप्त हुआ है । यह तो जीवन के सभी क्षेत्रों में — राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक — अथक प्रयासों द्वारा लायी गयी है । यदि आप चाहें तो विधटन हो कसता है परन्तु ये विभाजन देशव्यापी नहीं होंगे । वास्तव में, विभाजन एक सीमा तक आवश्यक है और इनसे बचा भी नहीं जा सकता । ये साम्प्रदायिक तथा

जातीयता के भेदों को दूर कर सकते हैं । सभी युगों में भारत में एक ऐसी एकता रही है जिसे भली प्रकार देखा जा सकता है ।”

यदि हम में राष्ट्र के रूप में जरा सी भी जीवित रहने की इच्छा है तो हमें राष्ट्रीय चेतना अनिवार्य रूप से स्वीकार करना पड़ेगा । ऐसा तभी संभव हो सकेगा जब हम सभी अपने आंतरिक भेदभावों के निश्चित सीमाओं के अंतर्गत रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्वक विधि से उनकी दाह–क्रिया करें और साथ ही साथ सामान्य राष्ट्रीय चेतना की भावना का विकास करें । यह निश्चित है कि भारतीय संस्कृति में पायी जाने वाली विविधताएं भारत की सम्पत्ति हैं, जिन्हें संजोये रखना है परनतु यह सम्पत्ति विविधता के कारण विघटन आधार न बने बल्कि विविधता में एकता का बीजारोपण जो भारतीय समाज का गौरव है, उसका विकास करते हुए देश के प्रगति के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें । राष्ट्रीय चेतना के प्रति भारतीयों का ध्यान आकर्षित करते हुए डा. कानूनगो ने लिखा है — “राष्ट्रीय एकता की हर देश को हर समय आवश्यकता है । किन्तु भारत के लिए इसकी कहीं अधिक आवश्यकता है ।”

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय चेतना

वैदिक काल से संपूर्ण वाङ्मय राष्ट्रीय चेतना ओत–प्रोत है । राष्ट्र एवं राष्ट्रीयता की संकल्पना सर्वप्रथम वेदों में ही उपलब्ध होती है — **“राष्ट्रकामाय होतव्या राष्ट्रं वै राष्ट्रभूतो राष्ट्रेवैवासिम राष्ट्रभववरुन्धे ।”**

राष्ट्रहित के लिए सर्वस्व त्याग की भावना से वैदिक ऋषि अनुप्राणित हैं । **‘इदं राष्ट्राय न ममेति’** कहकर अह यज्ञ, दान, तप, स्वाध्याय आदि सब कुछ राष्ट्र के लिए समर्पित करता है, साथ ही साथ चलने बोलने और आचरण रने की प्रेरणा देने वला **‘संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्’** यह मंत्र वास्तव में संपूर्ण राष्ट्र की दृढत्रता और अभ्युदाय का मंत्र है । **‘वसुधैव कुटुम्बकम्’** तथा **‘यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्’** जैसे उद्घोषों को प्रदान करने वाला साहित्य केवल व राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक चेतना से भी अनुप्राणित रहा है ।

वैदिक राष्ट्रीय चेतना की एक अन्य विशेषता यह है कि कोई भी प्रजा रोगी, दीन ओर दुखी न हो ।

स्वस्थ, सुंदर, बुद्धिमान, धार्मिक, कर्त्तव्यपरायण प्रजा ही स्वस्थ राष्ट्र की स्थापना कर सकती है । आज भी किसी राष्ट्र की उत्कर्षता उपरोक्त बातों पर निर्भर करती है ।

वैदिक भावना की सबसे बड़ी विशेषता है कि प्रत्येक नागरिक का न केवल ध्यान रखा जाता है अपितु उसे पूर्णतः विकसित होने के लिए अवसर प्रदान किया जाता है ।

समस्त वैदिक वांगमय के अध्ययन के बाद यह स्पष्टतया विदित होता है कि वेदों का सारा प्रयत्न व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को पूर्णतः सशक्त, समृद्ध और ज्ञानविज्ञान के आलोकां से आलोकित करना है, ताकि मनुष्य की पूर्णता में कोई कमी न रहने पाये । किसी भी राष्ट्र की सफलता उसका प्रजा के जीवन की सफलता पर निर्भर करती ह । जिस राष्ट्र की प्रजा का जीवन सफल नहीं है वह राष्ट्र अपने लक्ष्य से विमुख हो जाता है । निस्संदेह वैदिक जीवन पद्धति और उसकी धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा ज्ञानविज्ञान की व्यवस्था मनुष्य को पूर्ण बनाने में समर्थ है । अतः वैदिक भावना राष्ट्रीय भावना है, वैदिक व्यवस्था राष्ट्रीय व्यवस्था है, और वैदिक धर्म ही राष्ट्रीय धर्म है । इसलिए संपूर्ण प्राचीन भारत वैदिक शिखा व्यवस्था पर राष्ट्रीय चेतना से प्रभावित थे । भारतवर्ष चिकित्सा की जन्मभूमि है । समस्त विश्व में चिकित्सालय संबंधी विचारधारा का जन्मदाता एकमात्र देश भारत ही है । इसके प्रचुर प्रमाण हमें पुराण, धर्मशास्त्र, जैन एवं बौद्ध ग्रंथ, आयुर्वेद, शिलालेख एवं यात्रियों के संस्मरणों में विस्तार से प्राप्त होते हैं ।

लगभग 2000 ईस्वी पूर्व तक निरंतर चिकित्सालयों द्वारा मानवता की सेवा न केवल भारतवर्ष में हुई अपितु पड़ोसी देशों में इसका विस्तार होता रहा, यह उल्लेख प्रचुरता से होता है ।

शोध का औचित्य

राष्ट्रीय चेतना के अभाव में किसी भी राष्ट्र की सम्यकपूर्ण संकल्पना कभी नहीं हो सकती । हमारे देश की राष्ट्रीय चेतना की संकल्पना बहुत पुरानी है । यदि हमारा संपूर्ण साहित्य उठाकर देखें तो पता चलता है कि चाहे वैदिक, उत्तर वैदिक काल, बौद्धकाल, मुस्लिम काल, स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता के बाद भी राष्ट्रीय चेतना

हमेशा रही है । जो भी शिक्षा व्यवस्था रही हो किन्तु सभी में राष्ट्रीय चेतना स्थान दिया गया है क्योंकि शिक्षा किसी राष्ट्र की प्रथम आवश्यकता एवं दर्पण होती है । आज का नागरिक कल का राष्ट्रनिर्माता होगा, इसलिए राष्ट्रीय चेतना हमारी शिक्षा व्यवस्था में शुरू से ही समाहित था ।

राष्ट्र का अर्थ या स्वयप विश्व का समग्र रूप है, वह स्वरूप किसी देश और काल की सीमा से आबद्ध नहीं है अपितु उससे ऊपर उठा हुआ है जिसकी दृष्टि में संपूर्ण पृथ्वी, सूर्य, चन्द्र,ग्रह नक्षत्र, वायु, जल, औषधि, वनस्पति, मनुष्य, कीट पतंग, पशु–पक्षी आदि सभी व राष्ट्र के अंग माने गये हैं । इन सभी अंगों की समग्रता तथा समरसता ही राष्ट्र की संपूर्णता है । इस प्रकार संपूर्ण व्यक्त जगत तथा उसको पोषित करने वाला अव्यक्त जगत राष्ट्र की परिधि में आता है । इतना ही नहीं इस पृथ्वी पर **भू भूवः स्वः मः जनः तपः और सत्य लोक** भी राष्ट्र की परिधि में आ जाता है । भारत में विभिन्नताओं का देश है, जिसमें विभिन्न जातियां संप्रदाय, धर्मनिरपेक्ष भावना आदि होते हुए भी इन सबमें राष्ट्रीय चेतना की भावना परिलक्षित होती है, जो सबको एक सूत्र में बांधे हुए है, इतना होते हुए भी हमारा राष्ट्र एक है क्योंकि यहां के निवासियों में राष्ट्रीय चेतना का बीज शिक्षा ग्रहण करते समय डाल दिया जाता है जो बीज आगे बढ़कर पौधा राष्ट्रीय एकता का रूप ले लेता है । यह राष्ट्रीय एकता आज ही नहीं बल्कि वैदिक कालीन शिक्षा, बौद्धकालीन शिक्षा, मुस्लिम शिक्षा व्यवस्था आज के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय चेतना के संदर्भ में दिखती है । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इसमें अवरोध उत्पन्न होने लगा क्योंकि कुछ विरोधी तत्वों ने उग्र रूप धारण कर लिया जिससे देश की एकता खतरे में पड़ गई । जाति, धर्म, भाषा के आधार पर प्रांतों की मांग की जाने लगी । देश के छोटे–छोटे टुकड़ों में विभक्त कर राष्ट्र को निर्बल बनाकर कुछ सीमित स्वार्थों की पूर्ति करना राष्ट्र विरोधी तत्व ज्वलन्त उदाहरण हैं और भारत की प्राचीन संस्कृति स्वरूप लुप्त होता नज़र आया है ।

जातिवाद, सांपद्रायिकता, प्रांतयिता, क्षेत्रीयता की भावना राजनैतिक दल, आर्थिक असमानता तथा विदेशी तत्वों का उदय होना इनका प्रमाण है, जिससे राष्ट्रीय चेतना प्रभावित हो रही है । इस कारण देश का विकास अवरुद्ध होता नजर आया और भारतीय संस्कृति उपरोक्त

तत्वों के कारण विलुप्त हो गई है । इसलिए लोगों में राष्ट्रीय चेतना क विकास की आवश्यकता है । इस परिस्थिति में आवश्यक हो जाता है कि समाज में व्यक्त्यिों मे राष्ट्रीय चेतना के प्रति जागरुक बनाया जाये और इसका कार्य का क्षेत्र सबसे अधिक छात्र एवं शिक्षको को जाता है जो राष्ट्रीय चेतना रूपी व्यवस्था सही और उचित रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करता है । प्रश्न उठता है कि राष्ट्रीय चेतना का विकास करने के लिए ऐसे कौन से तत्व हैं जिनके माध्यम से राष्ट्रीय चेतना विकास में सहायक हों और इसके साथ ही पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य करें ।

समस्या का चयन

ज्ञात होता है कि वर्तमान परिस्थिति में जातिवाद, भाषा, धर्म, सांप्रदायिकता, दंगा, विस्फोट आदि और विश्वबंधुत्व की भावनाओं के अभाव जो समस्या उभरी है, उसी वजह से वर्तमान समय में समाज में राष्ट्रीय चेतना के विकास के लिए और एकजुट मिलकर प्रयास की आवश्यकता है । इस आवश्यकता को कैसे पूर्ण किया जाये । यह शोध का विषय है । इस क्षेत्र में शोध कार्य की आवश्यकता है, प्रस्तुत शोधकार्य शोधकर्ता द्वारा किया गया एक प्रयास है ।

समस्या कथन

"परंपरागत छात्रों एवं आधुनिक छात्रों में राष्ट्रीय चेतना का तुलनात्मक अध्ययन" ।

प्रयुक्त पदों का परिभाषीकरण

1. परंपरागत छात्र—

परंपरागत छात्र से अभिप्राय — संस्कृति माध्यम से अध्ययनरत छात्रों से है ।

उदाहरणार्थ —

क) वेद विद्यालय गौतम नगर, नई दिल्ली

ख) मोतीनाथ आदर्श संस्कृत विद्यालाय, रमेश नगर, नई दिल्ली ।

ग) वसंत ग्राम आदर्श संस्कृत विद्यालय, वसंत विहार, नई दिल्ली ।

2. आधुनिक छात्र —

आधुनिक छात्र से तात्पर्य विभिन्न विषयों में अध्ययनरत छात्रों से है ।

उदाहरणार्थ —

क) राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोती बाग - ए नई दिल्ली

ख) होर्से सर्वोदय विद्यालय, आर.के.पुरम, सेक्टर-12, नई दिल्ली

ग) राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एम.एम.टी.सी., बेगमपुर, नई दिल्ली

3. राष्ट्रीय —

अपने राष्ट्र की एकता, महत्ता, चेतना और उन्नति आदि से संबंध रखने वाला ।

4. चेतना

बोध करने की वृत्ति, शक्ति,चेतना, ध्यान देना, सावधान होना या होश में आना ।

अध्ययन क उद्देश्य

क) परंपरागत छात्रों में राष्ट्रीय चेतना का अध्ययन करना ।

ख) आधुनिक छात्रों में राष्ट्रीय चेतना का अध्ययन करना ।

ग) परंपरागत छात्रों व आधुनिक छ्ों का राष्ट्रीय चेतना का तुलनात्मक अध्ययन करना ।

प्रस्तुत शोध प्रबंध में प्रयुक्त परिकल्पना

क) परंपरागत छात्रों एवं आधुनिक छात्रों में राष्ट्रीय चेतना के अंतर्गत राष्ट्र के प्रति श्रद्धाभावना में कोई सार्थक अंतर नहीं है ।

ख) परंपरागत छात्रों एवं आधुनिक छात्रों में विभिन्न धर्मों, जातियों और भाषाओं के लोगों में पारस्परिक सहिष्णुता की भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं है ।

ग) परंपरागत छात्रों एवं आधुनिक छात्रों की राष्ट्रीय चेतना के अंतर्गत — देश भक्ति से ओत-प्रोत साहित्य सृजन व संस्कृति में कोई सार्थक अंतर नहीं हैं ।

घ) परंपरागत छात्रों एवं आधुनिक छात्रों में राष्ट्रीय चेतना के अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्ति, राष्ट्रीय उन्नति में निःस्वार्थ भावना को गौण समझना, राष्ट्र मंगल कामना औंर विश्व मंगल कामना आदि मेकं कोई सार्थक अंतर नहीं हैं ।

ङ) परंपरागत छात्रो एवं आधुनिक छात्रों मतें राष्ट्र के संस्कृति में भाशा, साहित्य, धर्म दर्शन, कला आदि में उदात्त भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं हैं ।

च) परंपरागत छात्रों एवं आधुनिक छात्रों में व्यक्ति, परिवार, पड़ोस, समाज, राष्ट्र, विश्व एवं मानव जाति आदि के प्रति कर्तव्य की शिक्षा एक समान है ।

समस्या का परिसीमन

1. दिल्ली के परंपरागत विद्यालयों से तात्पर्य संस्कृत माध्यम से अध्ययन करने वाले छात्रों से है ।

   क) वेद विद्यालय, गौतम नगर, नई दिल्ली

   ख) मोतीनाथ आदर्श संस्कृत विद्यालय, रमेश नगर, नई दिल्ली

ग) वसंत ग्राम आदर्श संस्कृत विद्यालाय, वसंत विहार, नई दिल्ली

2. आधुनिक विद्यालयों से तात्पर्य वर्तमान में आधुनिक भाषा माध्यम से अध्ययनरत दिल्ली के सरकारी विद्यालयों से है ।

3. प्रस्तुत शोध कार्य में परंपरागत एवं आधुनिक माध्यम से अध्ययनरत छात्रों को समाहित कर उनका राष्ट्रीय चेतना के संबंध में तुलनात्मक अध्ययन किया जायेगा।

4. प्रस्तुत शोध कार्य समय सीमा तथा न्यादर्श को ध्यान में रखकर उपरोक्त विंदुओं पर आधारित है ।

संबंधित साहित्य का सर्वेक्षण

मधु देव व पी.वी.नन्दा (1989) ने ग्रामीण व नगरीय छात्रों के कक्षा 9 के विद्यार्थियों की विद्यालय के प्रति अभिवृत्ति पर किया गया ।

अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य निम्नवत हैं —

1. ग्रामीण व नगरीय छात्रों की विद्यालय के प्रति अभिवृत्ति में भिन्नता का परिज्ञान करना ।

2. ग्रामीण व नगरीय छात्रों की विद्यालय कार्यक्रमों के प्रति अभिवृत्ति में भिन्नता का परिज्ञान करना ।

पी.एम. करीम ने माध्यमिक स्तर 1992 ने केरल में इतिहास के पाठ्य पुस्तक सामग्री का अध्ययन राष्ट्रीय एकीकरण में कितनी सहायक है । अध्ययन उपरांत उन्होंने पाया कि छात्रों ने राष्ट्रीय चेतना के विकास में यह पुस्तक काफी हद तक सहायक है ।

विजय प्रताप सिह (1994) — हाई स्कूल स्त्र पर विद्यार्थियों की सामाजिक विज्ञान में अभिवृत्ति एवंर उनकी विषय में उपलब्धि अध्ययन किया, जिसके निष्कर्ष थे —

1. हाई स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं के सामाजिक विज्ञान के प्रति अभिवृत्ति स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं है, ऐसा ही निष्कर्ष सामाजिक विज्ञान विषय की उपलब्धियों में भी था ।

2. हाई स्कूल स्तर के सभी छात्र-छात्राओं की सामाजिक विज्ञान में अभिवृत्ति एवं उनकी सामाजिक विज्ञान में उपलब्धि में धनात्मक उच्च सहसंबंध था ।

योगेन्द्र सिंह यादव (1996) — ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर किशोरों का व्यवसाय के प्रति रुचि का तुलनात्मक अध्ययन किया ।

European Intration and the politics of adjustment Regional interest group strategies in France and Italy constrantelos, Johu, Ph.D. University, 1996, pp.204, Supervisor Peter order No. PA 9715390

पप्पू प्रसाद रजक (1998) ने इंटरमीडिएट स्तर के बालकों का विज्ञान विषय के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन किया ।

सिंह, डा.एन. के. (2001) — माध्यमिक स्तर के छात्र की राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अभिवृत्ति का एक अध्ययन, शिक्षा संकाय, राजा हरपाल सिंह, पी.जी.कालेज सिंगरामउ, जौनपुर ने किए, जिसके लिए मापनी का निर्माण किए और जौनपुर जनपद के ग्रामीण स्तर के छात्र-छात्राओं पर प्रशासित करते हुए पाया कि इनमें क्षेत्र, लिंग, परिवेश, जाति के आधार पर राष्ट्र के प्रति भावना में कोई विचलन नहीं था ।

इस प्रकार उपरोक्त सर्वेक्षण से यह स्पष्ट है कि प्रस्तुत शोध प्रबंध किसी भी प्रकार क शोध की पुनरावृत्ति नहीं है बल्कि आंकड़ों के विचलन न्यादर्श तकनीकी तथा सांख्यकीय तकनीक को आधार मानकर यह अपने आप में आज के परिवेश के अनुकूलन का अध्ययन था ।

राष्ट्रीयचेतनायाः विकासे संस्कृत शिक्षणस्य योगदानम् (विशेषतो विद्यालयी शिक्षा संदर्भ), शिक्षाचार्य

शोधप्रबंध, कृष्ण प्रसाद उपाध्याय 2002 श्री. ला.ब.शा. राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली ।

शोध अध्ययन एवं निष्कर्ष

दिल्ली स्थित परंपरागत एवं आधुनिक माध्यम से अध्ययनरत छात्रों की राष्ट्रीय चेतना का तुलनात्मक अध्ययन करना था । इसलिए दोनों विद्यालयों मे 150 छात्रों से प्रश्नावली के माध्यम से प्रदत्त/जानकारी एकत्रित किये और छात्रों से प्राप्त प्रदत्तों का संख्यात्मक एवं गुणात्मक विश्लेषण के पश्चात जो परिणाम प्राप्त हुए वे निम्नानुसार हैं —

1. आधुनिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के अपेक्षा परंपरागत विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र राष्ट्रीय चेतना के प्रति अधिक निष्ठा रखते हैं ।

2. आधुनिक विद्यालय और परंपरागत विद्यालय छात्रों का राष्ट्रीय चेतना का तुलनात्मक अध्ययन करने पर यह ज्ञात हुआ कि आधुनिक की अपेक्षा परंपरागत विद्यालय छात्रों में राष्ट्रीय चेतना का प्रतिशित अधिक पाई गई ।

3. पारंपरागत और आधुनिक के समस्त विद्यालयों में विद्यालयों का आपस में तुलनात्मक रूप किया और अध्ययन के पश्चात यह ज्ञात हुआ कि आधुनिक विद्यालयों मे अध्ययनरत छात्रों के अपेक्षा परंपरागत विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों में राष्ट्रीय चेतना अधिक पाई तथा टी. अनुपात में सार्थक अंतर पाया गया है । इस आधार पर हमारी परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है ।

4. परंपरागत विद्यालय में वेद विद्यालय गौतम नगर एवं आधुनिक विद्यालय में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोतीबाग का तुलनात्मक अध्ययन करने पर यह ज्ञात हुआ कि परपरागत विद्यालय एवं आधुनिक विद्यालय के अपेक्षा राष्ट्रीय चेतना का माध्य अधिक पाई गई ।

5. परंपरागत विद्यालय मोती नाथ आदर्श संस्कृत विद्यालय एवं आधुनिक विद्यालय होर्से सर्वोदय विद्यालय का तुलनात्मक अध्ययन करनेन पर ज्ञात हुआ कि परंपरागत विद्यालय के अपेक्षा आधुनिक विद्यालय के राष्ट्रीय ेतना का माध्य अधिक पाई गई ।

6. परंपरागत विद्यालय वसंत ग्राम आदर्श संस्कृत विद्यालय एवं आधुनिक विद्यालय एम.एम.टी.सी. बेगमपुर विद्यालय का तुलनात्मक अध्ययन करने पर यह ज्ञात हुआ कि आधुनिक विद्यालय की अपेक्षा परंपरागत विद्यालय के राष्ट्रीय चेतना माध्य अधिक पाई गई । इससे ज्ञात होता है कि परंपरागत वसंत गांव आदर्श संस्कृत विद्यालय में आधुनिक एम.एम.टी.सी. बेगमपुर विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की अपेक्षा राष्ट्रीय चेतना के प्रति जागरुकता अधिक पाई गई ।

सुझाव

प्रस्तुत शोध अध्ययन में "परंपरागत एवं आधुनिक छात्रों में राष्ट्रीय चेतना का तुलनात्मक अध्ययन" करना था । शोध के उपरांत परिणाम, निष्कर्ष आदि के आधार पर ज्ञात हुआ कि परंपरागत विद्यालयों, आधुनिक विद्यालय की अपेक्षा राष्ट्रीय चेतना के प्रति जागरुकता अधिक पाई गई है । इस आधार पर सभी में राष्ट्रीय चेतना का जागरुकता सामान्य पाई जाय इस हेतु शोधकर्ता द्वारा राष्ट्रीय चेतना के विकास के संदर्भ में निम्नलिखित सुझाव इस प्रकार हैं —

1. राष्ट्रगीत/राष्ट्रगान/राष्ट्रध्वज का आदर एवं समर्पण का ज्ञान दें जिसे राष्ट्रीय सजगता बढ़ती है ।

2. विद्यालयी खेल में राष्ट्रीय एकजुटता का ज्ञान दें ।

3. राष्ट्रीय प्रतीक का सम्मान कराना सिखाना चाहिए।

4. नाट्य, कविता, इतिहास आदि के द्वारा राष्ट्रीय चेतना का ज्ञान दें ।

5. एन.सी.सी./एन.एस.एस./स्काउट गाइड को विद्यालय में अधिक से अधिक बढ़ावा दें, जिससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी ।

6. राष्ट्रीय पर्व का आयोजन उत्साहपूर्वक करना चाहिए जिसमें छात्र अधिक से अधिक भाग ले सकें जिससे राष्ट्रीय चेतना मजबूत होगी ।

7. साहित्य तथा भाषा, दर्शन-धर्म, भारत का इतिहास, भारत का स्थापत्य, शिल्प, चित्रकला, संगीत, नृत्य तथा नाटक आदि के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना लाई जा सकती है । दूसरे भागों को एक कला तथा संस्कृति की जानकारी होनी चाहिए ।

8. छात्रों को एक दूसरे क्षेत्रों में भेजना चाहिए जिससे विविधता में एकता के दर्शन कर सकें ।

9. विद्यालयों में शिक्षा का कार्यकाल ऐसा हो जो जनतात्रिक मूल्यों का पोषण कर सके ।

10. राष्ट्रीय चेतना से संबंधित चलचित्र जैसे — शहीद भगत सिंह, सुभाष चन्द्र बोस, चन्द्रशेखर आजाद आदि का ज्ञान प्रदान किया जाये ।

11. भारत देश के महापुरुषों की जीवनियों को छात्रों के पाठ्यक्रम में समाहित किया जाये ।

12. प्रशासन ऐसे कार्यक्रम आयोजित करे तथा महापुरुषों के नाम पर पुरस्कारों की घोषणा करे ।

13. जनसंचार माध्यम के द्वारा समाज में राष्ट्रीय चेतना के प्रति जागरुकता लाई जाय ।

14. राष्ट्रीय चेतना से संबंधित साहित्य प्रत्येक विद्यालय में उपलब्ध कराया जाय और पढ़ने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया जाय ।

15. विभिन्न पुस्तकालयों में राष्ट्रीय चेतना संबंधी चार्ट, पोस्टर तथा महापुरुषों के चित्रों को लगाया जाय ।

16. 26 जनवरी, 15 अगस्त को राष्ट्रीय चेतना से संबंधित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाय ।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची–

1. डा. रामशुक्ल पाण्डेय — शिक्षा के मूल सिद्धांत, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा ।

2. शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व, सुखिया, आगरा ।

3. आर.ए.शर्मा — शिक्षा अनुसंधान के मूल तत्व, लाल बुक डिपो, मेरठ ।

4. डात्र शंकर दयाल शर्मा — चेतना के स्रोत, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली ।

5. कृष्ण प्रसाद उपाध्याय, शिक्षाचार्य/अनुसंधानकत्र — राष्ट्रीय चेतनाया : विकासे संस्कृत शिक्षण्यास्य यो़गदानम् । श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (मानित विश्वविद्यालय), कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली — 110016

6. गैरट हेनरी — ई. शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकीय के प्रयोग, कल्याणी पब्लिशर्स, लुधियाना ।

7. के.पी.पाण्डेय, शैक्षिक अनुसंधान, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी ।

8. डा. आर.एन. गौड — राजहंस हिंदी निबंध, राजहंस प्रकाशन, मंदिर धर्म आलोक, रामनगर, मेरठ ।

9. गुरुसरन दास त्यागी — इतिहास शिक्षण, विनोद पुस्तक मंदिर, रांगेय राघव मार्ग, आगरा ।

10. त्यागी एवं पाठक — भारतीय शिक्षा के आधार, विनोद पुस्तक मंदिर, रांगेय राघव मार्ग, आगरा ।

11. हरि नारायण दीक्षित — संस्कृत साहित्य में राष्ट्रीय भावना, देववाणी प्रकाशन, दिल्ली ।

12. शोधप्रभा — शोध पत्रिका — 'राष्ट्रीय चेतना विशेषांक' श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली — 110006

13. कोठारी कमीशन, विवेचनात्मक अध्ययन, री लाल बुक डिपो, सरकारी, मेरठ ।

14. डी.एस.कोठारी — द रिपोर्ट आफ द एजुकेशन 1964-66, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली ।

15. एल.क. ओड़ — शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी ।

16. अस्थाना विपीन — प्रारंभिक सांख्यिकीय विधियां, साहित्य प्रकाशन, आगरा ।

17. वामन शिवराम आप्टे — संस्कृत हिन्दी कोश, रचना प्रकाशन ।

18. आचार्य रामचन्द्र शर्मा — लोकभारती प्रामाणिक हिन्दी कोश, लाकभारती प्राशन, इलाहाबाद ।

19 कपिलदेव द्विवेदी — राष्ट्रगीतांजली, विश्वभारतीय अनुसंधाज परिषद, शांति निकेतन,र ज्ञानपुर, वाराणसी ।

20. अग्रवाल, जे.सी. — राष्ट्रीय शिक्षा नीति, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली ।

21. राष्ट्रीय अस्मिता, राजस्थान पत्रिका ।

स्त्री–पुरुष : साहित्यिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व

डॉ. मो. सईद आलम
अस्सिस्टेंट प्रोफेसर,
प्रा.भा.ई. एवं
पुरातत्व विभाग,
पटना विश्वविद्यालय
पटना

प्राचीन साहित्यों एवं अन्यायन साक्ष्यों से विदित होता है कि स्त्री–पुरुष का महत्व धर्मशास्त्रों में किया जाता रहा है । दोनों में केवल संकिर्ण मानसिकता रखने वाले लोगों के दृष्टि में ही विभेद है । परमात्मा के बाद जगत में यदि किसी जीव का स्थान निर्धारित है तो वह है 'स्त्री' । नारी हृदय इतना विशाल है जिसे भगवान वामन भी नहीं माप सकते । उसके आत्म गौरव की ऊँचाई शंकर से भी ऊंची है । बिना शक्ति के 'शिव' भी 'शव' क समान हो जाते हैं, इसलिए उसे 'सर्वे–मंगले, देवी, भगवती आदि नामों से सम्बोधित किया गया है । भले ही समय की मार चाहे अनचाहे सभी को खानी पड़ती है । कुछ ऐसी ही विडम्बना स्त्रियों के साथ भी हुई । पुरुष मे क्षात्र–तेज है तो स्त्री में दैवी शक्ति है । पुरातन उक्ति को उन्होंने चरितार्थ कर दिखाया । सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनीतिक व प्रशासनिक तथा सांस्कृतिक आदि समस्त क्षेत्रों में स्त्रियों ने अपनी कार्य–कुशलता एवं जीवट (आदर्श) का परिचय देते हुए सफलता के नये आयाम विस्थापित किए हैं । हिन्दू समाज में कोई भी धार्मिक कार्य बिना पत्नी के नहीं सम्पन्न होता है, इसलिए वह धर्मपत्नी, अथवा सहधर्मिणी भी कहीं जाती है । मुस्लिम धर्म के ग्रंथ में भी पत्नी के सम्बंध में कहा गया **"हुन्ना लिबासुल लकुम व अनतूम लेबासून हुन्न,"** वे तुम्हारे लिए लिवास हैं और तुम उनके लिए लिबास हो ।"[1] यानि पुरुष और स्त्री मिलकर ही एक दूसरे के लिए सुन्दर हैं । एक दूसरे से अलग रहकर यह सुन्दरता प्रभावित हो जाती है । मनुस्मृति के अनुसार केवल पुरुष कोई वस्तु नहीं वह अपूर्ण है ।[2] स्त्री, स्वदेह तथा सन्तान, ये तीनों मिलकर ही पुरुष (पूर्ण) होता है[3], ऐसा ब्राह्मण कहते हैं, जो पति हैं वही स्त्री है । गृह की शोभा और सम्पन्नता स्त्री से मानी गई है । पुत्री से परिवार बनता बढ़ता है । अतः

विवाह गृहस्थ जीवन का मूल है और सभी आश्रम गृहस्थ जीवन पर निर्भर हैं । ऋग्वेद के अनुसार विवाह का उद्देश्य गृहस्थ आश्रम में प्रविष्ट होकर मनुष्य को देवताओं के लिए यज्ञ तथा सन्तानोत्पत्ति करने के योग्य बनता था ।[4] मनुस्मृति के अनुसार–विवाह के तीन उद्देश्य है धार्मिक कृत्य, सन्तानोत्पत्ती और कामूछा की पूर्ति ।[5] इसी प्रकार का विचार याज्ञवल्क्य स्मृति में भी व्यक्त किए गए हैं ।6 सन्तानोत्पति द्वारा गृहस्थ परिवारिक स्थिरता स्थापित कर यज्ञादि धार्मिक कृत्य कर समाज के प्रति अपना कर्तव्य पालन करता था । गृहस्थाश्रम में वह अपनी पत्नी के साथ उन कृत्यों को करता था जिनसे संसार मे और परलोक में कल्याण हो ।[7] आइये इतिहास के आईने में पुत्र और पुत्री के महत्व पर प्रकाश डालें ।

विश्व के सभी धर्मों में पुत्र का अत्यधिक महत्व रहा है इसलिए कि उसे कुल और वंश का वर्द्धन होता है । वैदिक युग से लेकर वर्तमान युग का पुरुष सन्तान की कामना से ही विवाह करता है।[8] सन्तान के अन्तर्गत पुत्र की कामना करने वाले व्यक्तियों की चाहत कल भी थी और आज भी है । वेदों में भी पुत्र प्राप्त करने की अभिलाषा व्यक्त की गई, तथा पिता को दस पुत्र उत्पन्न करने की सलाह भी दी गई है ।[9] पुत्र की अभिलाषा करने के कारणों में सबसे प्रधान कारण यह था कि उसे परिवार का पोषण, रक्षा और निरन्तरता होती थी । पुत्र से ही परिवार की धार्मिक क्रियाएँ सम्पन्न होती थीं वही उत्तराधिकारी होता था ।[10] पुत्र को ही **शोकपनुद** शोक दूर करने वाला कहा जाता था, क्योंकि पुत्र उत्पन्न होने पर ही पिता का ही नहीं बल्कि माता का भी शोक दूर होता है, और **पितृ–ऋण** से मुक्ति मिलती है । पुत्र उत्पन्न होने से व्यक्ति धार्मिक कर्तव्य मानकर शास्त्रकारों ने परिवार में इसकी अनिवार्यता बताई है ।[11] पुत्रहीन स्त्री को अभागिन तक माना जाता रहा है ।[12] पुत्र न होने पर दुःखी पिता राजा दशरथ का कहना था "पुत्र के लिए मैं तरस रहा हूँ । मुझे कोई पुत्र नहीं है ।[13] हजरत इबराहिम जो मक्का में सबसे पहले खानाए–काबा का निर्माण करवाया था और हज और कुरबानी की परिपाटी का आरम्भ करने वाले की कोई संतान नहीं थी तब अल्लाह से काफी दूआ के बाद लगभग 108 आयु में हजरत इसमाईल जैसे पुत्र पैदा हुए थे । इस तरह देवता का पूजन, यज्ञिकक्रिया, धार्मिक आचरण आदि पुत्र प्राप्ति के उपाय माने गए हैं । परिवार और समाज में

पुत्र से यज्ञ मिलता और गौरव बढ़ता है ।[14] इसलिए वह वंश का बीज और 'आधार' कहा गया है ।[15] उसके अत्पन्न से ही व्यक्ति का इहलोक और परलोक दोनों समृद्ध माने गए । पुत्र के स्पर्श से अधिक सुखकारी इस संसार में कुछ नहीं ।[16] **पुत्र स्पर्शात सुखतरः स्पर्शो लोके न विधते** । अपने पुत्र को प्यार करते हुए धनाढ्य और दरिद्र दोनों को एक–सा अनुभव होता है तथा चन्दन और उशीर (खस) के बिना ही हृदय को शीतलता मिलती है ।

इंद तत्सनेह सर्वस्वं सममाष्यदरिद्रयोः अचन्दन मनौशीर हृदयचस्यानुलोप नम ।।

पुत्र की प्रति पिता से अधिक माता के प्रति स्वाभाविक आदर और सम्मान रहा है । उनके लिए माता–पिता देवता तुल्य रहे हैं इसलिए वह सम्मान व्यक्त करता था ।[18] माता–पिता की निष्ठापूर्वक शुश्रुषा की थी और उन्हें स्वयं विभिन्न तीर्थ कराये थे । राम ने पिता की आज्ञा मानकर 14 वर्ष का बनवास किया था, बाद में भीष्म पितामह के नाम से व्यख्यात होने वाले देवव्रत ने इसी सेवा व्रत के लिए जीवन पर्यन्त ब्रह्मचारी रहने का निश्चय किया था ।[19] अतः प्राचीन काल में ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं जो अपने माता–पिता के प्रति पूर्णरूपेण समर्पित थे । धर्मशास्त्रों से पता चलता है कि जो पुत्र अपनी माता की अवहेलना करते हुए उसका पोषण नहीं करता था वह दंडनीय माना गया और उस पर अनेक प्रकार के अर्थदण्ड लगाने का व्यवस्था की गई थी ।

भारतीय समाजिक व्यवस्था में पुत्रियों का स्थान भी काफ़ी महत्त्वपूर्ण रहा है । मैं सबसे पहले कुरआन के अध्याय से अपनी बात आरम्भ करना चाहूँगा "औरतों के लिए दस्तूर है कि मुताबिक उसी तरह हुकुक़ (अधिकार) है जिस तरह दसतुर (नियम के अनुसार) के मुताबिक उन पर जिम्मेदारियां हैं और मर्दो का उनके मुकाबले में (बाज एतेबार) कुछ दर्जा बढ़ा हुआ है और अल्लाह जबरदस्त है, तदबीर वाला है ।" (224–228)[20] । यानी जैसा हक औरतों का मर्दो पर है वैसा ही हक मर्दो पर औरत का है । अब हम इतिहास के आईने से देखते हैं कि सिन्धु समाज में द्रविड़ समाज मातृ प्रधान होने से तत्कालीन पुत्रियों की दशा खराब नहीं थी । पितृसत्तात्मक समाज में भी पुत्र की अपेक्षा पुत्री का अधिक महत्त्व था ।[21] वैदिक कालीन समाज में पुत्री

के जन्म पर दुःखी होने का कोई प्रमाण नहीं मिलती है। अथर्ववेद[22] में कुछ धार्मिक कृत्यों के अवश्य उल्लेख मिलते हैं वृहदारण्यक उपनिषद के ऐसे धार्मिक कृत्य का उल्लेख है जिसका उद्देश्य विदूषी पुत्री प्राप्त करना था ।[23] महिलाएँ वैदिक साहित्य का अध्ययन कर सकती थीं और वे देवताओं की उपासना के लिए यज्ञ कर सकती थीं । उनका विवाह करना कोई कठिन समस्या नहीं थी । विधवाओं को नियोग और पुणर्विवाह करने की छूट थी, इसलिए विधवा भी समाज में बोझ नहीं समझी जाती थी । महाभारत काल में परिवार में लक्ष्मी की देवी पुत्रियों में निवास करती थी ।[24] पिता को अपनी पुत्रियों से भी नहीं लड़ना चाहिए ।[25] शिक्षा में पूर्ण ध्यान रखा जाता था, यह इस बात से स्पष्ट है कि ऋग्वेद की अनेक ऋचाएँ **लोपा मुद्रा, सिकता, अदिति, सावित्री, गार्गी, विधोत्तम मैत्रेयी, सती निवारी, विश्ववारा, घोषा** और **अपाला** आदि विदुषी विश्वलर की रची हुई है ।[26] पुदूगलानी नामक स्त्री शत्रुओं से लड़कर हजार गायें लाई थी । जीवन भर अविवाहित रहने वाली कुमारी पिता के धन में हिस्सा मिलता था, हस्तिनापुर के कोष का भार **द्रोपदी** पर था, जंगल में चलते-चलते थक जाने पर पांडव उसके पैर दबाते थे । वाण के अनुसार पुत्री उत्पन्न होकर, पिता को चिन्ता[27] केवल विवाह के सन्दर्भ मे थी । इस प्रकार देवयानी अपने पिता का प्राण थी ।[28] **द्रोपदी** अपने पिता से अगाध प्रेम करती थी ।[29] असुरमायारूप नाक पृथक महिला चिकित्सक की चर्चा मिलती है जिसने कोढनाशक औषधि का आविष्कार किया था । अशोक की रानी तिष्यरक्षिता को चिकित्सा के क्षेत्र में काफी जानकारी थी उसने अशोक की जान बचाई थी और पुरस्कार स्वरूप सात दिनों के लिए मौर्य साम्राज्ञी बनी थी । **कुन्ती** ने ब्राह्मणों से अथर्वशीष का मंत्र पढ़ा था । वासुदेव की चार पत्नियों ने **देवकी, भद्रा, रोहिणी एवं मदिरा** — अपने को पति के साथ जला डाला । कृष्ण की **रुक्मिणी गंधारी, शैव्या, हेमवती** एवं **जाम्बवती** ने कृष्ण के शरीर के साथ अपने को भी जला दिया द्रोणाचार्य की पत्नी कृषि विकीर्ण केशी के रूप में युद्ध भूमि में साथ रहती है, वहीं गौतम बुद्ध **मध्यम मार्ग** का पाठ गीतों के द्वारा सूजाता ने सीख देकर महात्मा बुद्ध जैसे व्यक्तित्व बनाने में अहम भूमिका निभायी है और उनकी जान बचाई । बौद्ध संघ में महिलाओं को शामिल होने का प्रश्न उठा तो मौसी **प्रजापति गौतमी** ने पुरुष-वेश धारण कर वैशाली में अपने साथ अपने शाक्य स्त्रियों का संघ में प्रवेश की । वैशाली की नगर वधू

अम्बापाली अत्यधिक धनी, प्रखर, बुद्धि वाली और प्रतिष्ठा प्रेमी थी, उनके द्वारा दिए गए निमंत्रण को महात्मा बुद्ध ने नगर पुरुष के निमन्त्रण से अधिक प्रतिष्ठा, रुची **अम्बापाली** को दी, और सम्भवतः वह बौद्ध भिक्षुणी भी हो गई थी, पाली में उसने सुन्दरम कविता की रचना की थी । याज्ञवलक्य की पत्नी मैत्रेयी अपने पति के साथ दार्शनिक वाद–विवाद में भाग लेती थीं ।[30] गार्गी और आत्रेयी भी वैदिक सिद्धातों से भी भली भांति परिचित थी ।[31] अथर्ववेद से स्पष्ट है कि कन्याओं का भी उपनयन संस्कार होता था और वैदिक ग्रन्थों का पठन–पाठन करती थी ।[32] **"एक़रा बिसमे रबेकलज़ी, खलक, खलक़ल इंसाना मिन अलाकिन"** इस्लाम धर्म में पुत्री का महत्व एवं शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है[33], जाति, आयु आदि का कोई भेद नहीं रखा गया । मोहम्मद साहेब के युद्ध के जमाने में .महिलाएं लड़ती थीं और नर्स के रूप में सहायता भी करती थी, मोहम्मद साहब की पहली पत्नी हजरत खोदैजा एक सफल कारोबारी थी जो सिरिया और दूसरे देशों से आयात–निर्यात की मालकिन थी । दूसरी पत्नी हजरत आईशा युद्ध में भाग भी लेती थी और विद्वान महिला थीं हजरत खनसा अरबी साहित्य की सर्वश्रेष्ठ विद्वान महिला थी ।

पुत्री की सम्पत्ति के अधिकार पर हम प्रकाश डालना चाहेंगे महाभारत में पुत्री के अधिकार पर सम्पत्ति मे आधे भाग की अधिकारिणी मानता है ।[34] कौटिल्य कुछ कम भाग देने के पक्ष में हैं ।[35] विष्णु और नारद भी पुत्री के अधिक अधिकार मानते हैं । स्मृतिकारों में कात्यायन ने 27 श्लोकों में स्त्रीधन प्रकारों का वर्णन किया है । महाभारत में कहा गया है कि पुत्री में सर्वदा लक्ष्मी निवास करती है ।[36] **नित्यम निवस्ते लक्ष्मीः कन्या का सुप्रतिष्ठतः** मनुस्मृति में पुत्र और पुत्री को समान माना है तथा पुत्र के अभाव में उत्तराधिकारी स्वीकार किया है[37] नारद और वृहस्पति जैसे शास्त्रकारों ने भी मनु के मत का अनुमोदन किया है[38] दया भाग में वर्णित है कि पैतृक सम्पत्ति स्वलप होने पर भी भाई अपने भाग का चौथा हिस्सा देकर बहन का विवाह करता था ।[39] नारद कहते हैं कि पुत्र और पुत्री दोनों ही पिता के संतान कारक थे ।[40] कुरआन के अनुसार — "औरतों को उनकी महर खुशदिली के साथ अदा करो, मां–बाप और रिश्तेदारों के तरके में से औरतों का भी हिस्सा है ।" (सुरह निसा — 4–5)

पुत्राभावेतृ दुहिता तुलयसनतानकारणात ।
पुत्रस्य दुहिता योभौ पितुः सन्तानकारकी ।।

सन्तान के लिए माता ही गुरू थी, पिता नहीं । इसलिए कहा जाता है कि माँ के कदमों में स्वर्ग होता है ।

इस प्रकार हमें पता चलता है कि पुत्र एवं पुत्री का महत्व इतिहास के अतीत में किया था वैदिक काल से लेकर वर्तमान काल में पुत्रियां, शिक्षित आदरनीय, सम्मानित और पुत्र और पुत्री दोनों समकक्ष थी समान रूप से घर के स्वामी पुत्री मानी जाती थी । सामाजिक एवं धार्मिक कृत्यों में उनकी स्थिति बराबरी की थी । विश्व के तमाम धर्मशास्त्रों एवं महाकाव्यों में जितना सम्मान, आदर और अधिकार पुत्र को दिए गए थे उनसे किसी भी तर्क से कम स्थान पुत्री का नहीं था केवल कार्य एवं जिम्मेदारियां अवश्य अलग-अलग थीं । लेकिन वर्तमान में सभी तरह की जिम्मेदारियां दोनों की एक समान दिख रही हैं । मैं एक रिसर्च के हवाले से जो **'परिक्सन मलेशिया'** कंपनी की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि पुरुषों के मुकाबले महिलाएं काम को कहीं ज्यादा सर्तकता के साथ मैनेज करती हैं । वे भविष्य में सामने आने वाले असर का भी ध्यान रखती है । आम सहमति बनाने में वे सफल रहती हैं । वे समझौता करा सकती है, और किसी बात या कान्सेप्ट को अच्छी तरह से समझा सकती है । अमेरिका ऐजेंसी **'कैअेलिस्ट'** ने अलग-अलग कंपनियों के प्रोग्रेस रिपोर्ट पर रिसर्च किया था । इसके अनुसार जिन कंपनियों में महिलाओं की संख्या अधिक है उनका प्रदर्शन उन कंपनियों से बहुत अच्छा है जहाँ महिलाएँ काम नहीं करती । पुत्र और पुत्री में अन्तर केवल संकीर्ण मस्तिष्क रखने वाले लोगों के दृष्ट में है । हमारे प्रथम प्रधान मंत्री श्री जवाहर लाल नेहरु के दिल में अवश्य पुत्र की आकांक्षा रही होगी ताकि उनकी विरासत को आगे बढ़ा सकें । **श्रीमती इन्दिरा गाँधी** उनके ख्वाबों को क्या पूरा नहीं किया? विश्व में सबसे शक्तिशाली और लोकप्रिय नेतृ जिसे दूर्गा के नाम से संबोधित किया जाता था वे प्रधानमंत्री नहीं बनी? क्या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री **बेनजीर भुट्टो,** बंगला देश की बेगम **खालिदा, शेख हसिना, भारत में सोनिया गाँधी, मीरा कुमार, मायावती, शीला दीक्षित, जयललिता, ममता बनर्जी, सुषमा स्वराज, मदर टेरेसा** जैसी पुत्रियों ने विश्व में अपना परचम नहीं लहराया ।

आज किसी भी क्षेत्र में देखें तो पता चलता है कि पुत्र से अधिक पुत्रियों का स्थान आगे है चाहे वह शिक्षा, धर्मशांति, ज्ञान, राजनीति, सम्पत्ति क्यों न हो । महिला के अभाव में पुरुष को अपूर्ण माना गया है । मनुस्मृति के अनुसार यत्र नार्यास्तु पूज्यते, रमन्ते तत्र देवतः यत्रतास्तु न पूजयन्ते सर्वास्तुत्राफल क्रिया[41] 'नारी का अपमान निन्दनीय'[42] पवित्र कुरआन में लिखा है **वल मोअमोनुना वल मोअयेनात बाजोहुम आलियाओ बाजीन** "मर्द और औरत एक दूसरे के मददगार हैं व दोस्त हैं ।"[43] यदि हम उन तमाम महापुरुषों को देखें तो अकेले अधूरे दिखते हैं । जब तक किसी देवी का सहयोग एवं शक्ति प्राप्त नहीं होती जैसे भगवान राम, कृष्ण, शिव, नारायण अपूर्ण समझे जाते हैं जब तक उनके साथ किसी देवी का शक्ति-सहयोग न मिले जैसे— सीता-राम, राधा-कृष्णा, पार्वती-शिव, लक्ष्मी-नारायण साथ में ही होते हैं । यानि तमाम गुण एवं शकित महिला देवियों के सहयोग के बिना अधूरा समझा जाता है । नए शोध से प्रमाणित हो जाता है कि 19 ऋषिकाओं का वेद के संकलन में स्थान रहा है । इस प्रकार स्त्री-पुरुष का महत्व सभी धर्मशास्त्रों में देखते हैं । मुझे विश्वास है कि स्त्री और पुरुष का विभाजन रेखाओं को न खींचकर अपने अधिकार एवं कर्तव्यों से समन्वय रखते हुए मानवीय मूल्यों को आत्मसात कर लें, तो आज पूरा विश्व परिवार की तरह हो जाएगा ।

संदर्भः

1. पवित्र कुरआन, अध्याय-2 (सुरह अलबकरह) 187
2. मनुस्मृति 9.45, कुल्लूक भट्ट का भाष्य
3. वही, 93.66; तैत्तिरीय ब्राह्मण, 2.94-7 अथो अद्धो वा ए आत्मनः यूत पत्नी;
4. ऋग्वेद 5,3,2,5,28,3
5. मनु 9,28 और मनुसमृति, 3.56
6. याज्ञवल्क्य स्मृति 1,78
7. शतपथ ब्राह्मण 5.2.1.10
8. अथर्ववेद, 14.1.49 सोमों राज सुप्रजस कृपोत ।
9. ऋग्वेद 1.85.25; 10.85.45
10. ऋग्वेद 10.85.25
11. महाभाष्य, 4,4,1981
12. रघुवंश 1.65-71
13. रघुवंश, 1.66, 67, 71

14. रघुवंश, 2.64
15. शाकुन्तलम, 7.19, विक्रमोर्वशी, 5.15
16. महाभारत 1.74.57-59
17. मृच्छकटिक, 10.23
18. देखिए रामायण
19. डॉ. जयशंकर मितश्र, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, 1980, पृ. 374-375
20. कुरिआज शरीफ अध्याय-2, सुरह अलबकरह 224-228
21. ओम प्रकाश 'प्राचीन भारत का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास — IV पृ. 134
22. अर्थववेद 3,23,6,11
23. वृहदारण्यक उप. 4.4,18
24. महाभारत 13, 11,14
25. मनु., 4, 182; 4,85
26. ऋग्वेद 1,7;5,28; 8,91, 81 और 1,39, 40
27. हर्षचरित, 4 पृ. 140-41
28. महाभारत, 1.80.9.101
29. महाभातर, 3.22.65
30. बृहदारण्यक उपत्र 2,4
31. वही, 3,6 और 8
32. अथर्ववेद 11, 5, 18
33. कुरआन अध्याय - 96, सूरह अल-अलक 1-5
34. महाभारत, 13, 88, 22
35. कौटिल्य 3, 5
36. महाभारत 13.11.4
37. मनु. 9.130
38. नारद दायभाग 50; वृहस्पति, अपरार्क द्वारा उद्धृत पृ. 743
39. कात्यायन, विज्ञावेश्वर द्वारा उद्धृत 3.35
40. नारद, दायभाग, 50
41. मनुस्मृति, 3-56
42. शतपथ ब्राह्मण, 11.4.3.2
43. पवित्र कुरआन अध्याय 9 अलतौबह 71-72

हरिवंश-पुराण में लोकवर्णन

डॉ. कर्तार चन्द शर्मा,
असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,
कश्मीर विश्वविद्यालय,
हजरतबल, श्रीनगर

आज चारों ओर विज्ञान का बोलबाला है। विज्ञान के बल पर ही मनुष्य ने आज चाँद पर पांव रख लिया है और अब अन्य ग्रहों तक जाने का प्रयास कर रहा है। भूगोल शास्त्री पृथिवी के उत्पन्न होने के कारण और उस पर सृष्टि प्रक्रिया को जानने के लिये प्रयत्न कर रहे हैं। आकाश मण्डल में कौन-कौन से तत्त्व पाये जाते हैं इसका पता वैज्ञानिकों ने लगा लिया है। परन्तु आज भी हम बहुत सारी जानकारियों के लिये शास्त्रों पर ही निर्भर है। शास्त्र मानव-समाज के सम्बन्ध में हमें पूरी जानकारी उपलब्ध करवाते हैं कि मानव के विकास के लिये क्या अच्छा है और क्या अच्छा नहीं है? मानव को प्राकृतिक वस्तुओं के साथ छेड़छाड़ करनी चाहिए या नहीं? जिस पृथिवी पर मानव रहता है वह पृथिवी कैसे आकाश में स्थित है? अन्य ग्रहों से उसका क्या सम्बन्ध है? मानव जिस लोक में रह रहा है वही लोक है अथवा अन्य लोक भी हैं? ब्रह्माण्ड एक ही है अथवा अनेक हैं?

इन सभी प्रश्नों के उत्तर हमें शास्त्रों में आसानी से उपलब्ध हैं जाते हैं। जिस प्रकार अन्य शास्त्र हमें ज्ञान प्राप्त करवाते हैं उसी प्रकार पुराण-शास्त्र भी हमारे ज्ञान के साधन हैं। विभिन्नि पुराणों में सृष्टि, प्रलय, कर्मकाण्ड एवं भूगोल आदि का वर्णन किया गया है। अठारह पुराणों के अतिरिक्त अठारह उपपुराण एवं अठारह औपपुराण भी हैं जो मानव सभ्यता से जुड़े हुये हैं इनके अतिरिक्त कुछ अन्य ग्रन्थों को भी पुराण का दर्जा प्राप्त है। इसी कड़ी में जैन हरिवंश-पुराण का नाम भी आता है। यह पुराण आचार्य जिनसेन द्वारा रचित है। इस पुराण में अन्य पुराणों की तरह अनेक विषयों का वर्णन है। परन्तु इसका लोक-वर्णन बहुत प्रसिद्ध है। अन्य पुराणों में भी लोक-वर्णन एवं भौगोलिक-वर्णन हुआ है। जैसे ब्रह्म-पुराण के अठारहवें एवं उन्नीसवें अध्याय में भूवन-कोशों और द्वीपों का वर्णन किया गया है, तो तेईसवें अध्याय में भूः, भुवः, स्वः आदि सात लोकों का वर्णन हुआ है । आचार्य रविषेण कृत जैन पद्म-पुराण (पद्मचरित) के द्वितीय पर्व

में जम्बूद्वीप की भौगोलिक स्थिति का वर्णन किया गया है, तो पद्म-पुराण के भूमि खण्ड के अन्तर्गत सात द्वीपों, सात सागरों, वनों, पर्वतों एवं नदियों का वर्णन किया गया है। इसी प्रकार नीलमत-पुराण भी कश्मीर की भौगोलिक स्थिति से ही सम्बन्धित है। परन्तु जिस विस्तार से हरिवंश-पुराण में लोकवर्णन एवं भूगोल का वर्णन हुआ है उस प्रकार अन्य पुराणों में उपलब्ध नहीं होता। इस पुराण में चार प्रकार के लोकों का वर्णन विस्तार से किया गया है, जो भूवैज्ञानिक एवं अन्तरिक्ष के वैज्ञानिकों के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण है। हरिवंश-पुराण के अनुसार इन चारों लोकों का परिचय संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है –

अधोलोकः-

अधोलोक के अन्तर्गत सात प्रकार की भूमियाँ आती हैं। ये हैं— रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, बालुकाप्रभा, पङ्कप्रभा, धूमप्रभा, तमःप्रभा और महातमःप्रभा।[1] इन पृथिवियों के रूढ़ि नाम क्रम से धर्मा, वंशा, मेघा, अञ्जना, अरिष्टा, मघवी और माघवी हैं।[2] ये सातों भूमियाँ तीन वातवलयों पर अधिष्ठित तथा क्रम से नीचे-नीचे स्थित हैं। अन्त में चल कर ये सभी अधोलोक के नीचे स्थित घनोदधि वलय पर अधिष्ठित हैं।[3] पहली रत्नप्रभा पृथिवी एक लाख अस्सी हजार योजन मोटी तथा खरभाग, पङ्कभाग और अब्बहुलभाग इन तीन भागों में विभक्त है । इसी प्रकार अन्य पृथिवियों की मोटाई क्रम से बत्तीस हजार, अट्ठाईस हजार, चोबीस हजार, बीस हजार, सोलह हजार और आठ हजार योजन बतलाई है।[4] रत्नप्रभा का खरभाग सोलह हजार, पङ्कभाग चौरासी हजार और अब्बहुलभाग अस्सी हजार योजन मोटा है ।[5] पङ्कभाग को राक्षसों और असुरकुमारों के भवन सुशोभित कर रहे हैं एवं खरभाग को नौ भवनवासियों के भवन अलंकृत कर रहे हैं। खरभाग के चित्रा, वज्रा, वैडूर्य, लोहिताङ्क, मसारगल्ब, गोमेद, प्रबाल, ज्योति, रस, अञ्जन, अञ्जनमूल, अङ्ग, सफटिक, चन्द्राभ, वर्चस्क और बहुशिलामय ये सोलह पटल हैं।[6] इनमें से प्रत्येक पटल की मोटाई एक-एक हजार योजन है । प्रथम पृथिवी में दस भवनवासी देवों के भवनों की संख्या इस प्रकार है— असुरकुमारों के भवनों की चौंसठ लाख, नागकुमारों के भवनों की चौरासी लाख, गरुड़कुमारों के भवनों की बहत्तर लाख, द्वीपकुमारों, उदधिकुमारों, मेघकुमारों, दिक्कुमारों,

अग्निकुमारों और विद्युतकुमारों के छिहत्तर लाख तथा वायुकुमारों के छियानवे लाख भवन हैं ।[7]

अब सात भूमियों के बिलों का संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत है— धर्मा नामक प्रथम पृथिवी के अब्बहुलभाग में ऊपर-नीचे एक-एक हजार योजन छोड़ कर नारकियों के बिल हैं यही क्रम शेष पृथिवियों मं भी समझना चाहिए, किन्तु सातवीं पृथिवी में पैंतीस कोश के विस्तार बाले मध्यदेश में बिल है। पहली पृथिवी में तीस लाख, दूसरी में पच्चीस लाख, तीसरी में पन्दह लाख, चौथी में दश लाख, पाँचवीं में तीन लाख, छठवीं में एक लाख, सातवीं में पाँच और सब मिलाकर चौरासी लाख बिल हैं।[8] उन पृथिवियों में क्रम से तेरह, ग्यारह, नौ, सात, पाँच, तीन और एक पटल हैं। सातों पृथिवियों में इन्द्रक-बिलों की संख्या इस प्रकार है— धर्मापृथिवी के तरेह पटलों में सीमन्तक, नारक, रौरुक, भ्रान्त, उद्भ्रान्त, संभ्रान्त, असंभ्रान्त, विभ्रान्त, त्रस्त, त्रसित, वक्रान्त, अवक्रान्त और विक्रान्त ये तेरह इन्द्रक-बिल हैं। वंशापृथिवी के ग्यारह पटलों मे तरक, स्तनक, मनक, वनक, घाट, संघाट, जिह्वा, जिह्वक, लोल, लोलुप और स्तनलोलुप ये ग्यारह इन्दक-बिल हैं। मेघापृथिवी के नौ पटलों में तप्त, तपित, तपन, तापन, ।नेदाघ, प्रज्वलित, उज्वलित, संज्वलित और संप्रज्वलित ये नौ इन्द्रक-बिल हैं। अञ्जनापृथिवी के सात पटलों में आर, तार, मार, वर्चस्क, तमक, खड और खडखड ये सात इन्द्रक-बिल हैं। अरिष्टापृथिवी में तम, भ्रम, झष, अन्त और तामिस्र ये पाँच इन्द्रक-बिल हैं। मघवी पृथिवी में हिम, वर्दल, लल्लक ये तीन इन्द्रक-बिल हैं। माघवी नाम की सातवीं पृथिवी में अप्रतिष्ठान नाम का केवल एक ही इन्द्रक-बिल है। इस प्रकार सातों पृथिवियों में सब इन्द्रक-बिल मिलकर उनचास हैं।[9] ये इन्द्रक-बिल चारों ओर से श्रेणी और प्रकीर्ण-बिलों से घिरे हुये हैं। हरिवंश-पुराण के चतुर्थ सर्ग में इन सभी बिलों का परिचय इन बिलों में उत्पन्न होने वाले नारकियों का परिचय और इन बिलों के फल आदि का वर्णन किया गया है । विस्तार भय के कारण यहाँ पर विस्तृत वर्णन नहीं किया जा सकता।

मध्यलोकः-

मध्यलोक का विस्तार पृथिवी-तल के एक हजार योजन नीचे से लेकर निन्यानवे हजार योजन ऊँचाई तक है। इसी मध्यलोक में असंख्य द्वीपसमुद्रों से युक्त

जम्बूद्वीप स्थित है। इस द्वीप की परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ सताईस योजन तीन कोश एक सौ अट्ठाईस धनुष और साढ़े तेरह अंगुल है।[10] इस जम्बूद्वीप में सात क्षेत्र, एक मेरु, दो कुरु, जम्बू और शाल्मली नामक दो वृक्ष, छह कुलाचल (पर्वत), कुलाचलों पर छह महासरोवर चौदह महानदियाँ, बारह विभङ्गा नदियाँ, बीस वखार-गिरि, चौंतीस राजधानी, चौंतीस रूप्याचल, चौंतीस वृषभाचल, अड़सठ गुहाएँ, चार गोलाकार नाभि-गिरि और तीन हजार सात सौ चालीस विद्याधर राजाओं के नगर हैं।[11] जम्बूद्वीप से दूने क्षेत्र तथा मेरु आदि से युक्त धातकीखण्ड एवं पुष्कारार्ध अन्य द्वीप हैं।

जम्बूद्वीप में भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत सात क्षेत्र हैं। इनमें भरत क्षेत्र सबसे दक्षिण में और ऐरावतक्षेत्र उत्तर में है। भरतक्षेत्र से चौगुणा विस्तार हैमवत क्षेत्र का, हैमवत से चौगुणा विस्तार हरिक्षेत्र का और हरिक्षेत्र से चौगुणा विस्तार विदेहक्षेत्र का है। विदेहक्षेत्र से आगे क्षेत्रों का विस्तार चौथा-चौथा भाग है। हिमवान्, महाहिमवान्, निषध, नील, रुक्मी और शिखरी ये छह कुलाचल हैं। भरत क्षेत्र का विस्तार $526\frac{6}{19}$ योजन है। भरत क्षेत्र के मध्य में हिमवान् पर्वत के अतिरिक्त एक विजयार्ध नाम का दूसरा पर्वत है। यह पर्वत पृथिवी से नीचे स्थित है, पचास योजन चौड़ा है और चाँदी के समान सफेद वर्ण वाला है। इस पर्वत पर सिद्धायतन, दक्षिणार्धक,र खण्डकप्रपात, पूर्णभद्र, विजयार्धकुमार, मणिभद्र, तामिस्रगुहक, उतरार्ध और वैश्रवण ये नौ कूट हैं। हिमवान् कुलाचल की ऊँचाई सौ योजन, गहराई पच्चीस योजन और चौड़ाई एक हजार बावन योजन तथा बारह कला प्रमाण कही गई है।[12] इस सुवर्णमय हिमवत् कुलाचल के शिखर पर सिद्धायतन, हिमवत्कूट, भरतकूट, इलाकूट, गङ्गाकूट, श्रीकूट, रोहितकूट, सिन्धु कूट, सुरादेवीकूट, हैमवतकूट और वैश्रवणकूट ये ग्यारह कूट हैं। इन सब का मूल में पच्चीस योजन मध्य में पौने उन्नीस योजन और ऊपर साढ़े बारह योजन विस्तार है। हिमवान् कुलाचल के आगे हैमवत क्षेत्र है इसका विस्तार दो हजार एक सौ पाँच योजन तथा पाँच कला प्रमाण है। इस क्षेत्र के आगे महाहिमवान् कुलाचल है इसका विस्तार चार हजार दो सौ दश योजन एवं दश कला है । यह पर्वत पृथिवी से दो सौ योजन ऊपर उठा है तथा पचास योजन पृथिवी से नीचे है ।[13] इस पर्वत के सिद्धायतनकूट, महाहिमवान्कूट,

हैमवतकूट, रोहिताख्कूट, हरिकान्तकूट, हरिवर्षकूट और वैडूर्य ये आठ कूट हैं । इन सभी कूटों की ऊँचाई पचास योजन है । मूल में इनका विस्तार पचास योजन, मध्य में साढ़े सैंतीस योजन और ऊपर पच्चीस योजन है।[14]

इस पर्वत के आगे हरिवर्ष क्षेत्र है। इसका विस्तार चार सौ इक्कीस योजन है। हरिवर्ष क्षेत्र के आगे निषध पर्वत है। इसका विस्तार सोलह हजार आठ सौ बयालीस योजन है। इसकी ऊँचाई चार सौ योजन है और पृथिवी के नीचे गहराई सौ योजन है।[15] इस स्वर्णमय निषधाचल पर नौ कूट हैं। निषध-पर्वत के आगे विदेहक्षेत्र हैं इसका विस्तार तीस हजार छह सौ चौरासी योजन है। इस क्षेत्र के आगे वैडूर्यमणिमय नील पर्वत है इसके नौ कूट हैं। इस पर्वत के आगे रुक्मी पर्वत हैं यह पर्वत चाँदी का है।[16] इसके आठ कूट हैं। शिखरी पर्वत सुवर्णमय है।[17] इस पर्वत के ग्यारह कूट हैं।[18] ऐरावत क्षेत्र के मध्य में विजयार्ध पर्वत है इस पर्वत पर नौ कूट हैं।

जिन पर्वतों का वर्णन आया है इन पर्वतों के दोनों अन्तिम भागों पर वन हैं इन वनों के वृक्ष समस्त ऋतुओं में फूलों और फलों से भरे रहते हैं। उक्त छह कुलाचलों के मध्य भाग में पूर्व से पश्चिम तक लम्बे छह विशाल सरोवर हैं उनके नाम पद्म, महापद्म, तिगिञ्छ केसरी, महापुण्डरीक, एवं पूण्डरीक हैं।[19] उन सरोवरों से चोदह नदियाँ निकली हैं जिनमें से सात पूर्व सागर में और सात पश्चिम सागर में प्रवेश करती हैं। उन नदियों के नाम है— गङ्गा, सिन्धु, रोह्या, रोहितास्या, हरित्, हरिकान्ता, सीता, सीतोदा, नारी, नरकान्ता, सुवर्णकूला, रूप्यकूला, रक्ता और रक्तोदा।[20]

जम्बूद्वीप में जिन क्षेत्रों, पर्वतें तथा नदियों का वर्णन किया है, धातकीखण्ड तथा पुष्करार्ध में वे दूने दूने हैं अर्थात् जो क्षेत्र, पर्वत एवं नदियाँ जम्बूद्वीप में है वही धातकीखण्ड तथा पुष्करार्ध में भी है। इसी प्रकार जम्बूद्वीप की तरह एक अन्य जम्बूद्वीप का वर्णन भी आया है। नीलपर्वत और सुमेरु पर्वत के मध्य जो प्रदेश स्थित हैं वे उत्तर कुरु माने जाते हैं और सुमेरु तथा निषध-पर्वत के बीच के प्रदेश देवकुरु कहे जाते हैं। विदेहक्षेत्र का विस्तार छह सौ चौरासी योजन चार कला है। मेरु-पर्वत की पूर्वोत्तर दिशा में, सीता नदी के पूर्व तट पर नील-पर्वत के समीप जम्बू-स्थल कहा गया है।[21] इस स्थल को एक वेदिका चारों ओर से घेरे हुए है और

इस स्थल पर एक पीठिका स्थित है जो मूल में बारह कोश, मध्य में आठ कोश और अनत में चार कोश चौड़ी है। इस पीठिका के ऊपर जम्बूवृक्ष सुशोभित है। उस जम्बूवृक्ष के नीचे देवों के भवन बने हुए हैं। मेरु पर्वत की दक्षिण–पश्चिम दिशा में सीतोदा नदी के दूसरे तट पर निषध–पर्वत के समीप रजतमय एक शाल्मली–स्थल है। इस शाल्मली–स्थल में शाल्मलीवृक्ष है।[22]

जम्बूद्वीप के वर्णन के अन्तर्गत ही विजयदेव–नगर का वर्णन आता है। इस नगर की पूर्व दिशा में चार वन हैं। उनमें पहला अशोकवन, दूसरा सप्तपर्णवन, तीसरा चम्पकवन और चौथा आम्रवन है। इन वनों के मध्य में क्रम से अशोक, सप्तपर्ण, चम्पक और आम के प्रधान वृक्ष हैं। इन वृक्षों की पीठिका जम्बूवृक्ष की पीठिका से आधी है तथा इनका विस्तार जम्बूवृक्ष से आधा है। लवणसमुद्र का वर्णन — वेदिका सहित लवणसमुद्र, दो लाख योजन विस्तार वाला है जो चारों ओर से जम्बू द्वीप को घेरे हुए है। शुक्लपक्ष में इस समुद्र का जल पाँच हजार योजन तक ऊँचा उठ जाता है और कृष्णपक्ष में घट कर सामान्य हो जाता है। शुक्लपक्ष में समुद्र प्रतिदिन तीन सौ तैंतीस योजन और एक योजन के तीन भाग बढ़ता है तथा कृष्णपक्ष में उतना ही घटता है।[23] जल के घटने और बढ़ने का कारण समुद्र के अन्दर पाताल–विवर हैं, जो वायु और जल से भरे रहते हैं। इन पातालों में जो वायु है उसका उच्छ्वास–ऊँचा उठना और निःश्वास–नीचे आना स्वाभाविक है उसी के कारण उनमें जल का ऊँचा–नीचा परिवर्तन होता रहता है ऐसा हरिवंश–पुराण का तर्क है ।[24]

पहले कहा जा चुका है कि जिन क्षेत्र, पर्वत एवं नदियों आदि का वर्णन जम्बूद्वीप के अन्तर्गत किया है वे धातकीखण्ड तथा पुष्करार्धद्वीप मे दूने–दूने आकार के हैं। धातकी खण्ड द्वीप से दूने विस्तार वाला काले रङ्ग का कालोदधिसागर धातकी खण्ड को चारों ओर से घेरे हुए है। उसी प्रकार कालोदधिसागर से दूने विस्तार वाले पुष्करवरद्वीप ने कालोदधिसागर को चारों ओर से घेरा है और पुष्करद्वीप को भी पुष्करवरसमुद्र चारों ओर से घेर कर स्थित है। इसी प्रकार वारुणीवरद्वीप को वारुणीवरसागर, क्षीरवरद्वीप को क्षीरोदसागर, घृतवरद्वीप को घृतवरसागर, इक्षुवरद्वीप को इक्षुवरसागर, नन्दीश्वरद्वीप को नन्दीश्वरसागर, अरुणद्वीप को अरुणसागर, अरुणोद्भासद्वीप को अरुणोद्भाससागर, कुण्डलवरद्वीप को

कुण्डलवरसागर, शङ्खवरद्वीप को शङ्खवरसागर, रुचकवरद्वीप को रुचकवरसागर, भुजगवरद्वीप को भुजगवरसागर, कुशवरद्वीप को कुशवरसागर और क्रौञ्चवरद्वीप को क्रौञ्चवरसागर घेरे हुए है।[25] इस प्रकार हरिवंश-पुराण में अनेक अन्य असंख्यात द्वीपों, सागरों एवं पर्वतों का वर्णन भी मध्य लोक के अन्तर्गत किया गया है जिनका वर्णन यहाँ पर नहीं किया जा सकता।

ज्योतिर्लोकः-

पृथिवी तल से सात सौ नब्बे योजन ऊपर आकाश में सब से नीचे तारा स्थित है और पृथिवी तल से नौ सौ योजन ऊपर आकाश में सबसे ऊपर ज्योतिष्पटल स्थित है । यह ज्योतिष्पटल एक सौ दश योजन मोटा है तथा आकश में घनोदधिवातवलय पर्यन्त सब ओर फैला है। ताराओं के पटल से दश योजन ऊपर जाकर सूर्यों का पटल है और उससे अस्सी योजन ऊपर जाकर चन्द्रमाओं का पटल है उससे चार योजन ऊपर जाकर नक्षत्रों का पटल है और उससे चार योजन ऊपर बुध का पटल है। बुध से तीन-तीन योजन ऊपर क्रम से शुक्र, गुरु मङ्गल और शनैश्चर ग्रहों के पटल हैं। सूर्य, चन्द्रमा, नक्षत्र, ग्रह और तारा ये पाँच प्रकार के योतिर्विमान है।[26] सूर्य के विमान लोहिताक्षमणि के हैं तथा तपाये हुए सुवर्ण के समान सुशोभित हैं। चन्द्रमा के विमान स्फटिक मणिमय हैं, मृणाल के समान सफेद हैं। राहु के विमान एक योजन चौड़े, एक योजन लम्बे, तथा ढाई सौ धनुष मोटे हैं, शुक्र के विमान रजतमय है। बृहस्पति के विमान स्फटिक मणिसदृश हैं। बुध के विमान सुवर्णमय है, शनैश्चर के विमान तपत स्वर्णमय हैं और मङ्गल के विमान लोहिताक्षमणिमय हैं। ये ज्योतिषी संख्यात और असंख्यात के भेद से दो प्रकार के हैं। उन दोनों प्रकार के ज्योतिषियों के इन्द्र, सूर्य और चन्द्रमा हैं। संख्यात ज्योतिषियो के इन्द्र संख्यात सूर्य और चन्द्रमा हैं और असंख्यात ज्योतिषियों के इन्द्र असंख्यात सूर्य-चन्द्रमा हैं, जैसे जम्बूद्वीप में दो सूर्य, दो चन्द्रमा, लवणसमुद्र में चार सूर्य, चार चन्द्रमा, धातकीखण्ड में बारह सूर्य, बारह चन्द्रमा, कालोदधि में बयालीस सूर्य, बयालीस चन्द्रमा और पुष्करार्ध में बहत्तर सूर्य और बहत्तर चन्द्रमा हैं एक-एक चन्द्रमा के छयासठ हजार नौ सौ पचहत्तर कोड़ा-कोड़ी तारा, अट्ठाईस नक्षत्र और अठासी महाग्रह हैं।[27]

ऊर्ध्व लोकः–

मेरुपर्वत की चूलिका के साथ ऊर्ध्व लोक शुरू होता है अर्थात् चूलिका से ऊपर ऊर्ध्वलोक है। ऊर्ध्वलोक के अन्तर्गत हरिवंशपुराण में सोलह स्वर्गों एवं उनके विमानों का वर्णन किया गया है । स्वर्गों के नाम इस प्रकार हैं सौधर्म, ऐशान, सनत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर, लान्तव, कापिष्ठ, शुक्र, महाशुक्र, शातार, सहस्रार, आनत, प्राणत, आरण और अच्युत। इनके ऊपर अधोग्रैवेयक, मध्यग्रैवेयक और उपरिम ग्रैवेयक के भेद से तीन प्रकार के ग्रैवेयक हैं। इन ग्रैवेयकों के आगे नौ अनुदिश और अनुदिशों के आगे अनुत्तरविमान हैं। अन्त में ईषप्राग्भार भूमि है। उसी के अनत तक ऊर्ध्वलोक कहलाता है।[28] स्वर्गों के समस्त विमान चौरासी लाख संत्तानवे हजार तेईस हैं। सौधर्मस्वर्ग में बत्तीस लाख, ऐशान में अट्ठाईस लाख, सनत्कुमार में बारह लाख, माहेन्द्र मे आठ लाख, ब्रह्मस्वर्ग में दो लाख छियानवे हजार, ब्रह्मोत्तर में एक लाख चार हज:र, लान्तव में पच्चीस हजार बयालीस, कापिष्ठ में चौबीस हजार नौ सौ अठावन, शुक्र में बीस हजार बीस, महाशुक्र में उन्नीस हजार नौ सौ अस्सी, शतार मे तीन हजार उन्नीस, सहस्रार में उन्नीस कम तीन हजार, आनत–प्राणत में चार सौ चालीस, तथा आरण–अच्युत में दो सौ साठ विमान हैं। विभिन्न स्वर्गों में रहने वाले देवों का सम्बन्ध विभिन्न पृथिवियों से है— प्रथम दो स्वर्गों के देवों का सम्बन्ध धर्मापृथिवी से है, उसके आगे दो स्वर्गो के देवों का विषय वंशापृथिवी है। उसके आगे चार स्वर्गों के देवों का विषय मेघा पृथिवी तक है, उसके आगे चार स्वर्गों से सम्बन्धित देवो का विषय अञ्जना नामक पृथिवी तक है। उसके आगे चार स्वर्गों के देवों का विषय अरिष्टापृथिवी तक है। नौ ग्रैवेयकवासियों का मघवी पृथिवी तक है, नौ अनुदिशवासियों का सम्बन्ध माघवी पृथिवी तक है और पञ्चानुत्तरवासियों का सम्बन्ध समस्त लोकनाड़ी तक है।[29]

हरिवंश–पुराण के आधार पर पस्तुत पत्र में चारों लोकों का संक्षिप्त परिचय देने का प्रयास किया गया है । इस पुराण का नाम महापुराणों एवं उपपुराणों में नहीं आता अतः जो पाठकगण इस पुराण से अनभिज्ञ हैं। उनके लिये यह पत्र लाभकारी सिद्ध होगा। इसके साथ–साथ अन्य पाठक गण भी इस पत्र द्वारा चारों लोकों का परिचय प्राप्त करके लाभान्वित होंगे।

संदर्भः

1. हरिवंश पुराण, 4, 43-44
2. वही, 4, 46
3. ", 4, 45
4. ", 4, 57-58
5. ", 4, 48-49
6. ", 4, 52-54
7. ", 4, 56-61
8. ", 4, 73-74
9. ", 4, 84
10. ", 5, 4-5
11. ", 5, 8-11
12. ", 5, 46
13. ", 5, 64
14. ", 5, 73
15. ", 5, 81
16. ", 5, 102
17. ", 5, 105
18. ", 5, 106
19. ", 5, 121
20. ", 5, 123-125
21. ", 5, 172
22. ". 5, 188
23. ", 5, 438
24. ", 5, 445
25. ", 5, 620
26. ", 6, 7
27. ", 6, 29
28. ", 6, 40
29. ", 6, 116

पञ्चज्ञानेन्द्रिय रोग एवं उनका निदान

शलिनी शर्मा
एम.फिल्., संस्कृत विभाग
जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

आयुर्वेद का महत्त्व जितना प्राचीनकाल में था, उससे कहीं अधिक महत्त्व आज के युग में भी देखने को मिलता है । आयु ही जीवन है, आयु का ज्ञान ही आयुर्वेद है, अतः आयुर्वेद सम्पूर्ण जीवन विज्ञान है । 'चरक' ने आयुर्वेद को शाश्वत कहा है । 'सुश्रुत' ने यहाँ तक कहा कि ब्रह्मा ने आयुर्वेद की रचना सृष्टि के उत्पन्न होने से पूर्व कर ली थी ताकि मानव जीवन उत्पन्न होने पर इसका प्रयोग कर सके । महर्षियों ने अपने कठिन परिश्रम, प्रतिभा, अनुभव तथा प्रयोगों के बल पर जिस शास्त्र को उत्पन्न किया; उसका नाम आयुर्वेद है ।[1] आयुर्वेद के दो प्रयोजन हैं —

(i) व्याधि (रोग) से युक्त व्यक्तियों का व्याधिपरिमोक्ष ।
(ii) स्वस्थ के स्वास्थ्य की रक्षा।

आयुर्वेद ने जीवनोपयोगी शास्त्र होने के नाते लोकप्रियता और प्रसिद्धि भी प्राप्त की । भारतवर्ष में वैदिक युग से आयुर्वेद की परम्परा आरम्भ होती है । रोगों और औषधियां का ऋग्वेद और यजुर्वेद में संकेतमात्र ही मिलता है, परन्तु अथर्ववेद में शरीर विज्ञान के साथ-साथ अनेक प्रकार के रोगों को दूर करने की चिकित्सा का वर्णन बड़े विस्तार से तथा निपुणता के साथ किया है सांख्य एवं योग प्रवृत्ति दर्शन के सम्प्रदायों से आयुर्वेद का बौद्धिक पक्ष प्रभावित है । इसके साथ ही वेदान्तदर्शन ने भी आयुर्वेद को अध्यात्म बल दिया है । आयुर्वेद का प्रभाव भारत-देश के पड़ोसी देशों की चिकित्सा पद्धतियों पर भी पड़ा है । आठवीं तथा नौंवी शताब्दी के आसपास अनेक वैदिक ग्रन्थों का तिब्बती भाषा में अनुवाद हुआ, जिससे तिब्बतीय-चिकित्सा के आधारभूत ग्रन्थ संस्कृत के ही माने जाते हैं । अतः हम कह सकते हैं कि आयुर्वेद का प्रभाव भारत पर ही नहीं अन्य देशों पर भी पड़ा और साथ ही इसका प्रभाव विभिन्न दर्शनों पर भी पड़ा ।[2]

मेरा विषय आयुर्वेद में पञ्चज्ञानेन्द्रिय रोग एवं उनका निदान है जिसमें श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना और घ्राण है ।

श्रोत्र रोग एवं निदान

जिस इन्द्रिय से हम सुनते हैं अर्थात् जिसके द्वारा हमको शब्द या ध्वनि का ज्ञान होता है, उसे कर्ण इन्द्रिय कहते हैं । इसके तीन भाग होते हैं ।

बाह्यकर्ण (External ear), मध्य कर्ण (Middle ear), अन्तःस्थ कर्ण (Internal ear) इनमें से केवल बाह्यकर्ण बाहर से दिखाई देता है।[3]

श्रोत्र रोग के कारण — जलवायु के विरुद्ध अन्नपान करना, मूत्रादि के रोगों को रोकना, अधिक बोलना, दन्तधावन, सिर का प्रक्षालन, अधिक व्यायाम करना, कफवर्द्धक एवं द्रव्यों का सेवन, तिनके आदि से कान को खुजलाना तथा हिम (बर्फ) के सेवन से कर्ण रोग होते हैं ।[4]

